Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874
नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 78 | सोमवार, 23 मार्च-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## मिडिल ईस्ट संकट पर पीएम मोदी की हाई-लेवल मीटिंग, पेट्रोलियम-बिजली समेत इन मुद्दों पर चर्चा

वेलकम इंडिया नेटवर्क

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट संकट के बीच सरकार अलर्ट मोड में है। प्रधानमंत्री आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक में ऊर्जा, पेट्रोलियम, बिजली और उर्वरक क्षेत्रों की समीक्षा की गई। देश में ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने और आपूर्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार शाम को अपने आधिकारिक आवास '7 लोक कल्याण मार्ग' पर एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में सरकार के वरिष्ठ मंत्री और अधिकारी मौजूद रहे, जिसमें मिडिल ईस्ट की मौजूदा स्थिति को देखते हुए पेट्रोलियम, कच्चे तेल, गैस, बिजली और उर्वरक क्षेत्रों से संबंधित स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य देश में तेल, गैस, खाद समेत सभी जरूरी चीजों की आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखना था।

इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विदेश मंत्री एस। जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केमिकल एंड फर्टिलाइजर और स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिहं पुरी, श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया समेत अन्य वरिष्ठ मंत्री और अधिकारी मौजूद रहे।



मिडिल ईस्ट संकट के बीच सरकार तेल, गैस, खाद की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के लिए पहले से ही सक्रिय कदम उठा रही है। 12 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा संकट को जन्म दिया है। उन्होंने कहा था कि यह देश के लोगों के धैर्य और समझदारी की भी परीक्षा है। पीएम मोदी ने कहा कि इस चुनौती का सामना शांति, धैर्य और जन-जागरूकता के साथ करना होगा।

### प्लाई चेन बाधाओं को दूर करने की कोशिश

प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी सरकार ग्लोबल सप्लाई चेन में आई बाधाओं को दूर करने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा, 'हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत हैं कि सप्लाई चेन में आई रुकावटों को कैसे दूर किया जाए।' 28 फरवरी से शुरू हुए इस संघर्ष में अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हमले के बाद हालात और बिगड़ गए हैं। जवाब में ईरान ने इजरायल और खाड़ी देशों पर हमले किए हैं। ईरान के नियंत्रण में स्थित स्ट्रेट ऑफ होर्मुज एक बेहद अहम समुद्री मार्ग है, जिससे दुनिया की लगभग 20% ऊर्जा आपूर्ति होती है। संघर्ष के बाद से यहां जहाजों की आवाजाही काफी सीमित हो गई है। इसका असर भारत समेत कई देशों की ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ा है। स्थिति को संभालने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने सऊदी अरब, यूएई, कतर, बहरीन, कुवैत, जॉर्डन, फ्रांस, मलेशिया, इजरायल और ईरान के नेताओं से फोन पर बातचीत भी की है।

### LPG सिलेंडर की पैनिक बुकिंग में कमी आई

सरकार ने गैस डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को बेहतर बनाने और सप्लाई पर पड़ रहे दबाव को कम करने के लिए बड़े कदम उठाए हैं। सरकारी बयान के मुताबिक, घरेलू एलपीजी की आपूर्ति फिलहाल पूरी तरह सामान्य है। देशभर में कहीं भी गैस की कमी (ड्राई-आउट) की स्थिति नहीं है और डिलीवरी भी सामान्य रूप से हो रही है। अधिकांश डिलीवरी डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (DAC) के जरिए की जा रही हैं और पैनिक बुकिंग में कमी आई है। कमर्शियल एलपीजी के मोर्चे पर सरकार ने आवंटन में लगातार बढ़ोतरी की है। पहले 20 प्रतिशत आपूर्ति बहाल की गई थी।

इसके बाद 18 मार्च को PNG विस्तार से जुड़े सुधारों के तहत अतिरिक्त 10 प्रतिशत आवंटन किया गया। 21 मार्च को और 20 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ कुल कमर्शियल एलपीजी आपूर्ति 50 प्रतिशत तक पहुंच गई है। इस अतिरिक्त आवंटन में रेस्टोरेंट, ढाबे, होटल, इंडस्ट्रियल कैंटीन, फूड प्रोसेसिंग यूनिट, डेयरी, कम्युनिटी किचन और सरकारी सब्सिडी वाले भोजन केंद्रों को प्राथमिकता दी गई है। प्रवासी मजदूरों के लिए 5 किलो के सिलेंडर की भी व्यवस्था की गई है। करीब 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नई डिस्ट्रीब्यूशन गाइडलाइंस लागू कर दी गई हैं, जबकि बाकी क्षेत्रों में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां आपूर्ति कर रही हैं। पिछले 8 दिनों में करीब 15,440 टन एलपीजी की आपूर्ति कमर्शियल उपभोक्ताओं को की गई है।

## खल्लारी मंदिर में 1 की मौत, 17 घायल, प्रशासन ने दिए उच्च स्तरीय जांच के आदेश

वेलकम इंडिया नेटवर्क



**छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले से एक बेहद दुखद खबर आई है, जहां प्रसिद्ध खल्लारी माता मंदिर में रविवार को रोपवे का केबल टूट गया। नवरात्रि के चलते मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी, तभी अचानक हुए इस हादसे में एक महिला की जान चली गई और 17 लोग घायल हो गए। जमीन से लगभग 3,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस पहाड़ी मंदिर में हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई। चश्मदीदों के मुताबिक, केबल टूटने से रोपवे की केबिन नीचे गिर गई, जिससे उसमें सवार यात्री गंभीर रूप से चोटिल हो गए। प्रशासन ने पुष्टि की है कि हादसे में घायल हुए 17 लोगों में से 5 की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है। अन्य घायलों का स्थानीय अस्पतालों में प्राथमिक उपचार किया गया, जिसके बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। नवरात्रि के दौरान इस लोकप्रिय धार्मिक स्थल पर सुरक्षा के दावों के बीच हुए इस हादसे ने श्रद्धालुओं को झकझोर कर रख दिया है।

## सत्ता के शीर्ष पर 8931 दिन: पीएम मोदी ने तोड़ा पवन चामलिंग का रिकॉर्ड, बने नंबर-1 लीडर

वेलकम इंडिया नेटवर्क

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय राजनीति में एक ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जिसे मील का पत्थर माना जा रहा है। वे भारत में किसी भी चुनी हुई सरकार के प्रमुख के रूप में सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले नेता बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने पवन कुमार चामलिंग का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जिन्होंने सिक्किम के मुख्यमंत्री के रूप में 8,930 दिनों तक सेवा दी थी। अब पीएम मोदी के कार्यकाल के 8,931 दिन पूरे हो गए हैं, जिसमें गुजरात के मुख्यमंत्री



और देश के प्रधानमंत्री के रूप में उनकी भूमिका शामिल है। नेतृत्व की भूमिका में यह उनका 25वां वर्ष है, जो उनकी निरंतर जनसेवा और मजबूत राजनीतिक पकड़ को दशार्ता है। पीएम मोदी के नाम कई बड़े रिकॉर्ड दर्ज हैं। वे गुजरात के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले मुख्यमंत्री रहे हैं और उनके पास मुख्यमंत्री के रूप में काम करने का सबसे लंबा अनुभव रखने वाले प्रधानमंत्री होने का गौरव भी प्राप्त है। वे आजादी के बाद पैदा होने वाले भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं। साल 2014, 2019 और अब 2024 के लोकसभा चुनावों में उनकी लगातार तीन जीतें उनके प्रति जनता के अटूट भरोसे को साबित करती हैं। उन्होंने 7 अक्टूबर 2001 को पहली बार गुजरात की कमान संभाली थी और करीब 13 साल तक राज्य का नेतृत्व करने के बाद 26 मई 2014 को देश के 14वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। वे पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आने वाले और दो कार्यकाल पूरे कर तीसरी बार लौटने वाले पहले गैर-कांग्रेसी नेता भी बन गए हैं।

### डिजिटल दुनिया के किंग

राजनीति के साथ-साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भी प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता का कोई मुकाबला नहीं है। इसी महीने उनके यूट्यूब चैनल पर सब्सक्राइबर्स की संख्या 3 करोड़ (30 मिलियन) को पार कर गई है, जिससे वे दुनिया के सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले ग्लोबल लीडर बन गए हैं। सब्सक्राइबर्स के मामले में वे वर्तमान और पूर्व, दोनों तरह के राष्ट्राध्यक्षों से कोसों आगे हैं। फरवरी में उन्होंने इंस्टाग्राम पर भी 10 करोड़ (100 मिलियन) फॉलोअर्स का आंकड़ा पार किया और ऐसा करने वाले वे दुनिया के पहले सेवारत नेता बने। फिलहाल इंस्टाग्राम पर उनके 10.1 करोड़ (101 मिलियन) और एक्स पर 10.64 करोड़ (106.4 मिलियन) फॉलोअर्स हैं, जो भारत ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उनकी गहरी पैठ को दिखाते हैं।

# आरडीसी जाम पर 'वेलकम इंडिया' की रिपोर्ट का असर: हड़कंप तो मचा, पर गाज गिरी आम जनता पर; 'कब्जाधारी' अब भी बेखौफ!

## अजीब कार्रवाई: जहां अतिक्रमण है वहां 'मौन', जहां मजबूरी में गाड़ी खड़ी की वहां पुलिस का 'हथौड़ा'; दुर्गा टावर से सुमंगलम तक हालात जस के तस

ललित कुमार शर्मा

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद के पॉश आरडीसी इलाके में पार्किंग और जाम की समस्या पर 'वेलकम इंडिया' द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित रिपोर्ट के बाद प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप तो मचा, लेकिन कार्रवाई का तरीका देख जनता दंग रह गई। प्रशासन ने उन 'मगरमच्छों' पर हाथ डालने के बजाय, जो सड़कों को अपना शोरूम और गैरेज बना चुके हैं, अपना पूरा जोर आम जनता की गाड़ियों के चालान काटने में लगा दिया। नतीजा? आरडीसी के मुख्य टावरों के सामने आज भी जाम का 'जहर' घुला हुआ है और अतिक्रमणकारी प्रशासन की इस 'चयनात्मक कार्रवाई' पर मुस्कुरा रहे हैं।

### टावरों के सामने 'अंधेरगर्दी', दुर्गा टावर से सुमंगलम तक वही मंजर

रिपोर्ट के बाद उम्मीद थी कि दुर्गा टावर बिल्डिंग, अंसल बिल्डिंग, देविका टावर और सुमंगलम बिल्डिंग के सामने से अवैध कब्जे हटेंगे, लेकिन हकीकत इसके उलट है। यहां आज भी सड़कों पर कार बाजार का कब्जा है और मैकेनिकों का 'ओपन एयर





गैरेज' चल रहा है। लेकिन ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों ने यहां झांकने की जहमत तक नहीं उठाई। ट्रैफिक पुलिस का मुख्य काम जाम खुलवाना था, लेकिन वे सड़कों के किनारे खड़ी आम लोगों की गाड़ियों की फोटो खींचकर चालान भेजने में ही व्यस्त दिखे।

### अतिक्रमण पर 'अभयदान', जनता पर 'अपराध' जैसा व्यवहार

आरडीसी की सड़कों पर कार सेल्स-परचेज करने वालों का सिंडिकेट इतना मजबूत है कि प्रशासन की हिम्मत उनके खिलाफ कार्रवाई करने की नहीं हुई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन ने 'बिल्ली के गले में घंटी' बांधने के बजाय मासूम चूहों पर झपट्टा मारा है। जिन जगहों से असल जाम लगता है, वहां न तो कोई अधिकारी पहुंचा और न ही ट्रैफिक पुलिस का कोई जवान नजर आया।

### पुलिस आयुक्त से 'आस': क्या रुकेगी अफसरों की 'हनक'?

अब गाजियाबाद की त्रस्त जनता की सारी उम्मीदें पुलिस आयुक्त पर टिकी हैं। जनता को आशा है कि आयुक्त स्वयं संज्ञान लेंगे और अपनी टीम को निर्देश देंगे कि चालान का 'कोटा' पूरा करने के बजाय 'जाम मुक्ति' को लक्ष्य बनाया जाए।

सवाल यह है कि क्या पुलिस आयुक्त उन अधिकारियों पर नकेल कसेंगे, जो शोरूम मालिकों के अवैध कब्जों को संरक्षण दे रहे हैं? मीडिया का काम आईना दिखाना है और प्रशासन का काम सुधार करना। लेकिन यदि प्रशासन अपनी कमियों को छिपाने के लिए जनता को परेशान करेगा, तो 'वेलकम इंडिया' चुप नहीं बैठेगा। आरडीसी को जाम मुक्त करने के लिए दिखावटी कार्रवाई नहीं, बल्कि ठोस इच्छाशक्ति की जरूरत है।

### कहां हुई कार्रवाई और कहां मिली छूट?

| स्थान / समस्या | प्रशासन की कार्रवाई | जमीनी हकीकत |
| --- | --- | --- |
| कार सेल्स-परचेज का कब्जा | शून्य (कोई कार्रवाई नहीं) | सड़कें अब भी शोरूम बनी हुई हैं |
| मैकेनिकों के अवैध गैरेज | मौन (एक भी चालान नहीं) | बोनट खोलकर सड़क पर ही काम जारी |
| आम जनता की पार्किंग | भारी चालान, गाड़ियां जब्त | जनता में रोष और डर का माहौल |
| मुख्य टावर (देविका, अंसल) | कोई अधिकारी नहीं पहुंचा | जाम की स्थिति पहले जैसी गंभीर |

### सीधे सवाल—जनता पूछे जवाब

- ट्रैफिक पुलिस कहां है? मुख्य जाम वाले बिंदुओं पर एक भी कर्मी क्यों तैनात नहीं?
- अतिक्रमणकारी क्यों सुरक्षित? क्या कार बाजार और मैकेनिकों को प्रशासन का मौन समर्थन है?
- जनता को सजा क्यों? पार्किंग की व्यवस्था न होने पर मजबूरी में खड़ी गाड़ी का चालान क्या वसूली नहीं?
- जीडीए और नगर निगम की भूमिका क्या है? क्या ये विभाग सिर्फ कागजी कार्रवाई तक सीमित रहेंगे या सड़कों को कब्जामुक्त कराएंगे?

## संपादक की कलम से

# यू,एन,ओ की भूमिका पर प्रश्न चिन्ह



ललित शर्मा
संपादक

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। विशेषकर तब जब दुनिया लगातार संघर्षों की आग में झुलस रही है, रूस-यूक्रेन युद्ध से लेकर इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष और अब अमेरिका-इजरायल-ईरान महायुद्ध ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वैश्विक शांति स्थापित करने वाली संस्थाएं अपेक्षित प्रभाव खोती जा रही हैं। कभी विश्व राजनीति का केंद्र माने जाने वाला यह संयुक्त राष्ट्र संघ अब कई बार केवल औपचारिक बयानबाजी तक सीमित दिखाई देता है, युद्धविराम के प्रयास या तो बहुत देर से होते हैं या फिर प्रभावहीन सिद्ध होते हैं, यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि क्या संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की संरचना और कार्यप्रणाली आज के समय के अनुरूप है भी या नहीं, क्योंकि स्थायी सदस्यों के वीटो अधिकार ने कई बार निर्णय प्रक्रिया को जकड़ कर रख दिया है। परिणामस्वरूप शक्तिशाली देशों के हितों के आगे सामूहिक शांति प्रयास कमजोर पड़ जाते हैं, इस संदर्भ में यह धारणा भी बलवती हुई है कि संयुक्त राज्य अमेरिका का प्रभाव इस संस्था पर अत्यधिक है उसे अमेरिका का पिछलग्गु कहा जाता है जिससे निष्पक्षता पर प्रश्न उठते हैं। ऐसे जटिल वैश्विक समीकरणों के बीच भारत एक संतुलित और विश्वसनीय शक्ति के रूप में उभर कर सामने आया है। भारत की विदेश नीति का मूल आधार 'वसुधैव कुटुम्बकम' और 'सर्वे भवन्तु सुखिन:' जैसे सिद्धांत रहे हैं, यही कारण है कि भारत ने कभी भी किसी एक ध्रुव का समर्थन करने के बजाय संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता दी है। चाहे संबंध अमेरिका से हों या रूस से, चाहे इजरायल के साथ रणनीतिक साझेदारी हो या ईरान के साथ ऊर्जा और सांस्कृतिक रिश्ते, भारत ने हर दिशा में संतुलन बनाए रखा है, यही संतुलन आज उसे वैश्विक मध्यस्थ की भूमिका के लिए उपयुक्त व बेहतर विकल्प बनाता है। वर्तमान परिस्थिति में जब पश्चिमी देश एक तरफ खड़े दिखाई देते हैं और कई इस्लामी देश दूसरी तरफ, तब भारत एक ऐसे राष्ट्र के रूप में सामने आता है जिसके पास सभी पक्षों से संवाद करने की क्षमता और विश्वास दोनों हैं, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब तथा अन्य अरब देशों के साथ भारत के मजबूत आर्थिक और कूटनीतिक संबंध हैं, वहीं फ्रांस और ब्रिटेन जैसे पश्चिमी देशों के साथ भी भारत की साझेदारी मजबूत है, इसके अतिरिक्त अफ्रीकी देशों के साथ भारत का ऐतिहासिक सहयोग और विकासात्मक भागीदारी उसे एक व्यापक वैश्विक प्रतिनिधि बनाती है, यही कारण है कि आज जब संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रभावशीलता पर प्रश्न उठ रहे हैं तब भारत को एक संभावित विकल्प या कम से कम एक प्रभावी पूरक शक्ति के रूप में देखा जा रहा है, हालांकि यह भी समझना आवश्यक है कि किसी एक देश के लिए पूरी दुनिया में शांति स्थापित करना आसान नहीं है, भारत की अपनी सीमाएं हैं, उसकी प्राथमिकताएं हैं और उसकी आंतरिक चुनौतियां भी हैं, फिर भी भारत ने समय-समय पर शांति प्रयासों में सक्रिय भूमिका निभाई है, चाहे वह शांति सैनिकों की तैनाती हो या मानवीय सहायता, भारत हमेशा अग्रणी रहा है, वर्तमान संकट में भारत यदि सक्रिय कूटनीतिक पहल करता है, तो वह संवाद के नए रास्ते खोल सकता है। बैक-चैनल वार्ता, बहुपक्षीय बैठकें और क्षेत्रीय शांति सम्मेलन जैसे उपाय भारत के माध्यम से संभव हो सकते हैं, इसके साथ ही भारत का जी-20 जैसे मंचों पर नेतृत्व अनुभव भी उसे वैश्विक सहमति बनाने में मदद करता है, लेकिन यह अपेक्षा करना कि भारत पूरी तरह से संयुक्त राष्ट्र संघ का विकल्प बन जाएगा, शायद व्यावहारिक नहीं है, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र की संरचना, वैधता और वैश्विक स्वीकृति अभी भी अद्वितीय है, आवश्यकता इस बात की है कि भारत जैसे उभरते शक्तिशाली राष्ट्र इस संस्था में सुधार की दिशा में नेतृत्व करें, सुरक्षा परिषद का विस्तार, वीटो प्रणाली में बदलाव और विकासशील देशों की अधिक भागीदारी जैसे कदम इस संस्था को पुन: प्रासंगिक बना सकते हैं, अंतत: यह कहा जा सकता है कि आज की दुनिया एक नए संतुलन की तलाश में है, जहां पुरानी संस्थाएं कमजोर पड़ रही हैं और नई शक्तियां उभर रही हैं। इस संक्रमण काल में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, वह न केवल एक मध्यस्थ बन सकता है बल्कि एक नैतिक मार्गदर्शक भी बन सकता है, यदि भारत अपनी कूटनीतिक सूझबूझ, संतुलित नीति और वैश्विक विश्वास को सही दिशा में उपयोग करता है तो वह न केवल वर्तमान युद्ध को रोकने में योगदान दे सकता है बल्कि भविष्य के लिए एक अधिक न्यायपूर्ण और शांतिपूर्ण विश्व व्यवस्था की नींव भी रख सकता है।

## दरबार



उदय किशोर साह

### कविता

चोरों के दरबार में चोर ही बना चोकीदार
गीध दृष्टि लगी हुई है मंच पे बैठा सरदार
लाज शर्म की नहीं गतर में कोई सरोकार
एक ही रंग में रंगा हुआ है कुत्ते व सियार

लोक लुभावन सपनों की लगी झूठा कतार
आते जाते राही पे करता पीछे से वार
निकल चलो होशियारी से जालिम है बाजार
लुट खसोट की सज गई यहाँ पे नई संसार

टोह के लिये कहता पाकेट मार से होशियार
मूरख जनता भूल से टटोलता पाकेट का द्वार
चोरों की पैनी नजर करता है सब का दीदार
आपकी पाकेट पे है करता शातिराना वार

आपकी पसीने की कमाई से इनको है प्यार
बुला बुला कर ये जालिम करते है सत्कार
पलक पावड़े बिछा करते आपकी इन्तजार
हाथ की सफाई में माहिर इनका है कारोबार

मत पड़ना इन जुल्मी के चक्कर में ओ मेरे यार
वर्ना रोना ही होता है इनके जुल्म की प्रहार
सकरी गली से निकल पड़ो ना देखो वो द्वार
जहाँ लगी है इन चोरों की ऐसी मीना बाजार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# खाड़ी युद्ध : कौन जीता है कौन हार गया ?



तनवीर जाफरी
लेखक




अमेरिका -इस्राईल द्वारा ईरान पर थोपा गया बलात युद्ध अनियंत्रित होकर बेहद खतरनाक दौर से गुजर रहा है। दर्जनों देशों को अपनी चपेट में ले चुके इस युद्ध में अब तक खरबों डॉलर का नुक़्सान हो चुका है। अमेरिका -इस्राईल द्वारा मिलकर ईरान को जिस स्तर तक नुक़्सान पहुँचाया जा चुका है और अब भी उसके ईंधन उत्पाद केंद्रों पर हमले कर लगातार पहुँचाया जा रहा है उससे निश्चित रूप से पहले ही चार दशकों से वैश्विक रूप से आर्थिक व व्यवसायिक प्रतिबंध झेल रहे ईरान की कमर जरूर टूट जाएगी। परन्तु इसके बावजूद आप इस निष्कर्ष पर कतई नहीं पहुँच सकते कि ईरान यह युद्ध हार चुका है या हार जायेगा। हाँ इसके विपरीत ईरान ने अपनी बहादुरी, सूझबूझ, योग्यता, दृढ़ संकल्प, विश्वास व कूटनीति के बल पर न केवल दुनिया के कई देशों के चेहरों से नकाब हटा दी है बल्कि अमेरिका के बारे में पूरे विश्व में बन चुकी 'विश्वविजेता' जैसी 'फर्जी धारणा' को भी ध्वस्त कर दिया है। बेशक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस्राईली प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू के बहकावे में आकर या एप्सटीन फाइल के भयादोहन (ब्लैक मेलिंग) का शिकार होकर ईरान को वेनेजुएला की ही तरह कमतर आंक कर उसपर हमला बोल दिया।

दुनिया ने देखा कि ईरान पर आक्रमण करने से पूर्व अमेरिका व इस्राईल ने किस तरह ईरान के भीतर सत्ता विरोधी बगावत कराने जैसा कुटिल असफल प्रयास किया। गोया आज युद्ध में अपनी मुंह की खाने वाला अमेरिका मोसाद की मदद से ईरान में सत्ता विरोधी बगावत का भी सहारा लेना चाह रहा था जोकि राष्ट्रवादी ईरानियों ने मुमकिन नहीं होने दिया। न ही शाह की औलाद को ईरान पर पुनः थोपने की अमेरिकी चाल कामयाब हो सकी। लिहाजा यह कहना गलत नहीं होगा कि अमेरिका अपनी इस कुटिल चाल में शुरूआत में ही ईरान से हार चुका था। इसके बाद बावजूद इसके कि 27 फरवरी तक दोहा में ईरान - अमेरिका के बीच वार्ता हो ही रही थी फिर भी अमेरिका ने इस्राईली सेना के साथ मिलकर 28 फरवरी को पूरी ताकत के साथ तेहरान पर हवाई हमले शुरू कर दिये। इन हमलों का उद्देश्य ईरान में सत्ता परिवर्तन, ईरान की मिसाइल क्षमताओं, परमाणु सुविधाओं और नेतृत्व को नष्ट करना था। ऑपरेशन रोअरिंग लायन और ऑपरेशन एपिक फ्यूरी नमक इस पहले आक्रमण में ही ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामनेई का तेहरान के पेस्टूर स्ट्रीट स्थित आवास पर हमले में निधन हुआ। इसी हमले में कुल लगभग 40 ईरानी अधिकारी मारे गए, साथ ही 1,444 से अधिक मौतें भी हुईं जिनमें 168 बच्चे और 200 महिलाएं शामिल थीं। इसी हमले में अयातुल्लाह अली खामनेई के दामाद, पोते और अली शमखानी जैसे अन्य शीर्ष सुरक्षा अधिकारी मारे गये।

रक्षा मंत्री अमीर नासिर जादेह और रिवोल्यूशनरी गार्ड के कमांडर मोहम्मद पाक पुर व सेना प्रमुख अब्दुल रहीम मूसवी सहित चार वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मारे गये। इसी हमले में ईरान के 24 प्रांत प्रभावित हुए, जहां 500 से अधिक सैन्य लक्ष्य जैसे एयर डिफेंस, मिसाइल लॉन्चर, नौसेना और नतांज, कराज, कुम की परमाणु सुविधाएं आदि के नष्ट होने के दावे किये गये। तेहरान में राष्ट्रपति भवन, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद, खुफिया मंत्रालय और ग्रैंड बाजार को काफी क्षति पहुंची नागरिक इलाकों पर भीषण बमबारी की गयी। अमेरिकी टॉम हॉक मिसाईल से मिनाब में लड़कियों के एक स्कूल में 148 लड़कियों की मौत हो गयी तथा कई अस्पतालों को नुक़्सान हुआ। साइबर हमलों से इंटरनेट कनेक्टिविटी बुरी तरह प्रभावित हुई और उसी समय होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया जिससे वैश्विक स्तर पर तेल आपूर्ति बाधित हुई। इसी हमले के बाद ही ट्रंप ने यह कहना शुरू कर दिया था कि 'हमने संघर्ष के शुरूआती घंटों में ही ईरान की वायुसेना को जमीन पर ही तबाह कर दिया गया, और अब ईरान के पास वास्तविक 'एयरफोर्स' जैसी कोई प्रभावी ताकत नहीं रही। उन्होंने कई बार यह दावा किया है कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में ईरान की नौसेना (नेवी) और वायु सेना (एयर फोर्स) की क्षमता 'खत्म' या 'लगभग पूरी तरह नष्ट' कर दी गई है। नौसेना को लेकर उन्होंने दावा किया है कि ईरान के लगभग सभी युद्धपोत और नौसैनिक जहाज डूबा दिए गए हैं, कुछ बयानों में '32 जहाजों के तलहटी में जाने' और '58 नौसैनिक जहाजों के नष्ट होने' जैसी संख्या भी दी गई। परन्तु ट्रंप के इन दावों के बावजूद ईरान के मिसाइल और ड्रोन के भरपूर हमले अभी भी जारी हैं। और यह हमले अपनी तीव्रता व सटीकता के चलते अमेरिका सहित पूरे विश्व हो अचंभे में डाले हुये हैं। भले ही ईरानी सेना, नेवी और रडार व वायु रक्षा प्रणाली को भारी नुक़्सान जरूर पहुँचा है परन्तु इसके बावजूद ईरान ने पूरी दुनिया को यह भी दिखा दिया है कि 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद ईरान ने सिर्फ अमेरिकी पिट्ठू शाह पहलवी की सत्ता को ही नहीं उखाड़ फेंका बल्कि 47 वर्षों तक वैश्विक प्रतिबंधों के बाकजूद ईरान ने सामाजिक, शैक्षिक, वैज्ञानिक व सामरिक स्तर पर जो तैयारियां की हैं आज उसी का नतीजा सामने है। अन्यथा कौन सोच सकता था कि राष्ट्रपति ट्रंप के ईरान को हर प्रकार से तबाह बर्बाद करने के बार बार किये जा रहे दावों के बावजूद ईरान इस्राईल के हाइफा पोर्ट व उसके पेट्रोलियम प्लांट और फाइनेंशियल ढांचे को तबाह कर देगा। अमेरिका के सर्व शक्तिशाली युद्धपोत यू एस एस अब्राहम लिंकन को धुआँ धुआँ कर उसे पीठ दिखाकर भागने के लिए मजबूर कर देगा, गेराल्ड आर फोर्ड जैसा सबसे खतरनाक युद्धपोत पीठ दिखाकर भाग जायेगा, ईरान ने आयरन डोम के चलते इस्राईल के अजेय होने की धारणा को भी धूल धूसरित कर दिया। और तो और नेतन्याहू के अनेक स्पष्टीकरण व कथित 'प्रकटीकरण' के बावजूद तमाम विश्लेषक नेतन्याहू के जीवित होने को लेकर अभी भी पूरी तरह आश्वस्त नहीं हैं। बहरहाल मैदान ए करबला से प्रेरित आईआरजीसी के 5 लाख प्रशिक्षित सैनिकों व 25 लाख से अधिक की आरक्षित सेना ने अपने बुलंद हौसलों से युद्ध में हार जीत की परिभाषा को बदल कर रख दिया है। ईरान ने अमेरिका के अजेय होने की धारणा को ध्वस्त करते हुये दुनिया को यह सोचने के लिये विवश कर दिया है कि आखिर इस युद्ध में कौन जीता है कौन हार गया?

# हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण की जंग



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक



दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक व्यापार की एक महत्वपूर्ण धुरी हॉर्मुज जलडमरूमध्य है। यह एक अत्यंत संकीर्ण जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को खुले समुद्र से जोड़ता है। इसी मार्ग से दुनिया के लगभग एक-चौथाई तेल और गैस का परिवहन होता है। ऐसे में ईरान द्वारा इस जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों पर शुल्क लगाने का प्रस्ताव केवल एक आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति, अंतरराष्ट्रीय कानून और ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक गंभीर चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। यह कदम ऐसे समय में सामने आया है जब पूरी दुनिया पहले से ही ऊर्जा संकट, आपूर्ति श्रृंखला में बाधा और भू-राजनीतिक तनावों से जूझ रही है। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और इराक जैसे देश इस मार्ग पर अत्यधिक निर्भर हैं। इन देशों से निकलने वाला तेल और गैस इसी संकरे रास्ते से होकर वैश्विक बाजारों तक पहुँचता है। यदि इस मार्ग में किसी प्रकार का अवरोध या अतिरिक्त लागत जुड़ती है, तो इसका सीधा असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। ईरान का तर्क है कि वह इस क्षेत्र में सुरक्षा बनाए रखता है और जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उसे शुल्क लेने का अधिकार होना चाहिए। लेकिन यह तर्क अंतरराष्ट्रीय कानून की मूल भावना के विपरीत है। संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (यूएनसीएलओएस) के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय जलडमरूमध्यों में सभी देशों के जहाजों को निर्बाध रूप से गुजरने का अधिकार है। कोई भी देश इस अधिकार को रोक नहीं सकता और न ही इसके बदले शुल्क वसूल सकता है। यदि कोई देश ऐसा करता है, तो यह सीधे-सीधे अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। ईरान और इस क्षेत्र का इतिहास इस बात का गवाह है कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य हमेशा से तनाव और रणनीतिक दबाव का केंद्र रहा है। पिछले कई दशकों में ईरान ने कई बार इस जलमार्ग को बंद करने की धमकी दी है, विशेषकर जब उसके और पश्चिमी देशों के बीच तनाव बढ़ा है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (ईरान की इस्लामी क्रांतिकारी रक्षक सेना) द्वारा इस क्षेत्र में जहाजों की निगरानी, जांच और कभी-कभी उन्हें रोकने की घटनाएँ भी सामने आती रही हैं। लेकिन मौजूदा स्थिति पहले से अलग है। अब यह केवल सैन्य दबाव का मामला नहीं है, बल्कि एक व्यवस्थित आर्थिक ढांचे के रूप में नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास प्रतीत होता है।


यदि यह योजना सफल होती है, तो यह ईरान को इस जलमार्ग पर एक प्रकार की 'आर्थिक सत्ता' प्रदान कर सकती है, जिससे वह अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर अप्रत्यक्ष रूप से प्रभाव डाल सकेगा। इस संभावित व्यवस्था के वैश्विक परिणाम बेहद गंभीर हो सकते हैं। सबसे पहले, ऊर्जा की कीमतों में तेज वृद्धि देखने को मिलेगी। तेल और गैस की कीमतें सीधे इस मार्ग की स्थिरता से जुड़ी होती हैं। यदि जहाजों को शुल्क देना पड़े या उन्हें मार्ग में बाधाओं का सामना करना पड़े, तो परिवहन लागत बढ़ जाएगी। इसका असर केवल ऊर्जा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका प्रभाव हर उस वस्तु पर पड़ेगा जो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा है। खाद्य पदार्थ, उर्वरक, औद्योगिक कच्चा माल और अन्य आवश्यक वस्तुएँ भी महंगी हो सकती हैं। इससे महंगाई बढ़ेगी और विकासशील देशों पर इसका अधिक प्रभाव पड़ेगा। विशेष रूप से उन देशों के लिए यह स्थिति चुनौतीपूर्ण होगी, जो पहले से ही आर्थिक दबाव और आयात पर निर्भरता का सामना कर रहे हैं। दूसरी ओर, यह कदम क्षेत्रीय तनाव को भी बढ़ा सकता है। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने इस प्रस्ताव पर अपनी चिंता व्यक्त की है। उनके लिए यह केवल आर्थिक मुद्दा नहीं है, बल्कि संप्रभुता और सुरक्षा का प्रश्न भी है। यदि ईरान इस जलमार्ग पर एकतरफा नियंत्रण स्थापित करने की कोशिश करता है, तो यह क्षेत्रीय संघर्ष को जन्म दे सकता है। इस संदर्भ में वैश्विक शक्तियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है। संयुक्त राज्य अमेरिका लंबे समय से इस क्षेत्र में अपनी नौसैनिक उपस्थिति बनाए हुए है ताकि समुद्री मार्गों की स्वतंत्रता सुनिश्चित की जा सके। यदि ईरान अपने प्रस्ताव को लागू करता है, तो अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया तेज और निर्णायक हो सकती है। यह स्थिति कूटनीति से लेकर सैन्य रणनीति तक कई स्तरों पर प्रभाव डाल सकती है। यह पूरी घटना एक बड़े सवाल को जन्म देती है—क्या अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था अब भी नियमों और सहयोग पर आधारित रहेगी, या फिर शक्तिशाली देश अपने सामरिक स्थान और ताकत का उपयोग करके नियमों को अपने अनुसार बदलने लगेंगे? द्वितीय विश्व युद्ध के बाद स्थापित वैश्विक व्यवस्था का एक प्रमुख आधार यह रहा है कि समुद्र और अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग सभी देशों के लिए खुले रहेंगे। इसी सिद्धांत ने वैश्विक व्यापार और शांति को बढ़ावा दिया है। लेकिन यदि कोई देश इस सिद्धांत को चुनौती देता है और उसे रोका नहीं जाता, तो यह पूरी व्यवस्था कमजोर पड़ सकती है। इसके अलावा, यह घटना इस तथ्य को भी उजागर करती है कि आज के समय में भौगोलिक स्थान (ज्योग्राफिकल पोजिशन) भी शक्ति का एक बड़ा स्रोत बन गया है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य जैसे स्थान केवल नक्शे पर एक बिंदु नहीं हैं, बल्कि वे वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था के निर्णायक केंद्र बन चुके हैं। जो देश ऐसे स्थानों को नियंत्रित करता है, वह वैश्विक व्यापार और ऊर्जा प्रवाह को प्रभावित कर सकता है। हालांकि, ईरान के लिए यह रणनीति जोखिम से भरी हुई है। यदि वह अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करता है, तो उसे गंभीर आर्थिक प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। पहले से ही प्रतिबंधों और आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहा ईरान इस कदम से और अधिक अलग-थलग पड़ सकता है। इससे उसकी अर्थव्यवस्था और कमजोर हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए यह समय एकजुट होकर इस चुनौती का समाधान खोजने का है। केवल बयानबाजी या निंदा से काम नहीं चलेगा। सभी देशों को मिलकर कूटनीतिक प्रयास करने होंगे ताकि इस जलमार्ग की स्वतंत्रता बनी रहे। अंतरराष्ट्रीय संगठनों को भी इस मुद्दे पर सक्रिय भूमिका निभानी होगी ताकि नियम-आधारित व्यवस्था को बचाया जा सके। साथ ही, यह भी आवश्यक है कि तनाव को कम करने के लिए संवाद और बातचीत के रास्ते खुले रखें जाएँ। किसी भी प्रकार का सैन्य संघर्ष केवल स्थिति को और अधिक जटिल बना देगा और इसके परिणाम पूरी दुनिया को भुगतने होंगे। अंततः, हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर शुल्क लगाने का यह प्रस्ताव केवल एक क्षेत्रीय नीति नहीं, बल्कि वैश्विक व्यवस्था की परीक्षा है। यह तय करेगा कि क्या दुनिया सहयोग और नियमों के आधार पर आगे बढ़ेगी या फिर शक्ति और नियंत्रण का युग लौटेगा। यदि इस चुनौती को समय रहते गंभीरता से नहीं लिया गया, तो हॉर्मुज जलडमरूमध्य केवल एक व्यापारिक मार्ग नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक अस्थिरता और संघर्ष का प्रतीक बन जाएगा।

# शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव जैसे ही बलिदानी थे जगदीश वत्स



श्रीगोपाल नारसन
लेखक

ब्रिटिश शासन के खिलाफ देश की आजादी के लिए संघर्ष करने, सेंट्रल असेंबली में बम फेंकने और लाला लाजपत राय की मौत का बदला लेने के लिए सॉन्डर्स की हत्या के लिए दोषी ठहराकर 23 मार्च 1931 को, 23 वर्षीय क्रांतिकारी भगत सिंह व सुखदेव तथा 22 वर्षीय राजगुरु को निश्चित समय से पहले ही लाहौर जेल में फांसी दी गई थी।तभी तो दिन को शहीद दिवस के रूप में मनाते है।यह दिन युवाओं को देशभक्ति, बलिदान और देश के प्रति समर्पण के लिए प्रेरित करता है। ऐसे ही उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के स्वाधीनता संघर्ष के संयुक्त नायक अमर शहीद जगदीश प्रसाद वत्स हुए है, जिन्होंने 17 वर्ष की आयु में अपनी शहादत हरिद्वार में दी थी, हालांकि उन्होंने जन्म सहारनपुर जनपद के गांव खजूरी अकबरपुर में लिया था। मात्र 17 वर्ष की अल्पायु में 14 अगस्त सन 1942 में हरिद्वार की सड़कों पर तिरंगे फैहराते हुए शहीद हुए मेरे मामा अमर शहीद जगदीश प्रसाद वत्स के बलिदान दिवस पर हरिद्वार जिला प्रशासन प्रतिवर्ष 14 अगस्त को एक कार्यक्रम तो हरिद्वार के भल्ला पार्क में आयोजित करता है।लेकिन उसमें शहीद के प्रति सम्मान का भाव कम और ओपचारिकता अधिक अपनाई जाती है। जिसमे अधिकृत रूप से शहीद जगदीश प्रसाद वत्स के परिजनों तक को आमंत्रित नही किया जाता।अमर शहीद जगदीश वत्स के नाम से हरिद्वार में स्वाधीनता सेनानी सदन बनाने की कई साल पहले की गई मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा को भी सत्तारूढ़ पार्टी के शीर्ष नेता व अधिकारी पलीता लगा रहे है। भला हो शहीदों के प्रति सम्मान अभिव्यक्त करने वाले सन्त ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी का, जिन्होंने स्वयं के खर्च से हरिद्वार के भल्ला पार्क में 17 वर्षीय शहीद जगदीश की प्रतिमा कुछ दशक पहले लगवा दी थी और जिला प्रशासन को प्रेरित कर सरकारी स्तर पर 14 अगस्त को श्रद्धांजलि कार्यक्रम परम्परा शुरू कराई। लेकिन



समय के साथ जहां उक्त स्वाधीनता सेनानी पार्क आस पास के दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण का शिकार है, वही जिला प्रशासन भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम के नाम पर सिर्फ ओपचारिकता निभाकर स्वतंत्रता सेनानी व उनके परिवारों की भावनाओं को आहत कर रहा है। प्रति वर्ष उनके श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहीद जगदीश वत्स की जीवनी पाठ्यक्रम में शामिल करने व उनकी स्मृति में सरकारी स्तर पर एक पुरुस्कार शुरू करने की मांग उठती रही है। मेरे प्रस्ताव पर तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत ने शहीद जगदीश वत्स की जीवनी पाठ्यक्रम में शामिल करने का निर्णय लेकर अपर मुख्य सचिव को लिखित निर्देश भी दिया था, लेकिन उक्त पत्रावली सरकार बदलते ही कही लुप्त हो गई है। अलबत्ता शहीद वत्स के परिवार ने स्वयं के संसाधनों से शहीद जगदीश वत्स के गांव खजूरी अकबरपुर में उनकी स्मृति में खोले गए जगदीश प्रसाद स्मारक जूनियर हाईस्कूल परिसर में उनकी प्रतिमा लगा दी है। ऋषिकुल आयुर्वेदिक कालेज हरिद्वार ने भी अपने इस छात्र शहीद जगदीश वत्स के नाम से वालीबाल टूनामेंट कराकर और कॉलेज परिसर में उनकी मूर्ति लगवाकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है। इसी प्रक्रिया में हरिद्वार में प्रस्तावित स्वाधीनता सेनानी सदन भी शहीद जगदीश वत्स के नाम से बने इसके लिए स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन पुरजोर कौशिश में लगा है।लेकिन सरकार व प्रशासनिक स्तर पर इस बाबत बरती जा रही शिथिलता व नगर निगम की बेरुखी के चलते उंक्त बाबत जमीन तक उपलब्ध नही कराई जा सकी है। 17 वर्षीय जगदीश प्रसाद वत्स में बचपन से ही एक कवि के भी गुण थे, जब वे कक्षा 10 के छात्र थे तो उन्होंने अपने तत्कालीन गुरु आचार्यश्री रामदेव के निधन से आहत होकर उन्हें जो काव्यांजलि प्रस्तुत की थी, उस काव्यांजलि रूपी कविता को आर्य समाज के संस्थापक महऋषि दयानन्द सरस्वती द्वारा रचित सत्यार्थ प्रकाश पुस्तक मे स्थान दिया है।इस कविता की खोज मेरे मित्र फिल्म निर्देशक डा सुभाष अग्रवाल ने टंकारा, गुजरात प्रवास के दौरान की।सचमुच हमारे लिए यह गौरवपूर्ण उपलब्धि है।अमर शहीद जगदीश प्रसाद वत्स को भी वही सम्मान मिले, जो शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को मिलता है। शहीदो के बीच कोई भेदभाव नही होना चाहिए। जिसने भी देश के लिए प्राण न्योछावर किये, वही नमन किये जाने योग्य है। हरिद्वार में 17 वर्षीय जगदीश प्रसाद वत्स ने सन 1942 में ऋषिकुल आयुर्वेदिक कालेज में पढते हुएआजादी का बिगुल बजाया था। कालेज के छात्रों का नेतृत्व करते हुए 17 वर्षीय जगदीश प्रसाद वत्स ने तिरंगे झण्डे हाथ में लेकर अंग्रेज पुलिस को चुनौती देने का साहस किया था। 13 अगस्त सन 1942 की रात्रि में छात्रावास में हुई छात्रो की एक बैठक में 14 अगस्त को तिरंगे फैहराने के लिए सडको पर निकलने और भारत माता की जय, इंकलाब जिन्दाबाद के नारे लगाने के लिए, लिए गए निर्णय को अमलीजामा पहनाते हुए छात्रों का दल 14 अगस्त की सवेरे ही हरिद्वार की सडको पर निकल पडा था। पुलिस की छावनी के बीच भी जब छात्र जगदीश प्रसाद वत्स ने सुभाष धाट पर पहला तिरंगा फैहराया तो अंग्रेज पुलिस की एक गोली उनके बाजू को चीरती हुई निकल गई। धायल जगदीश ने धोती को फाडकर धाव पर बांध लिया और फिर दुसरा तिरंगा फैहराने के लिए डाकधर की तरफ दौड लगा दी। पुलिस की गोली चलने से बाकी छात्र तो तितर बितर हो गए थे, लेकिन 17 वर्षीय जगदीश तिरंगे फैहराने की जिद पर अडिग रहा और उसने दौडते हुए जाकर दुसरा तिरंगा डाकधर पर फैहरा दिया। वहां भी पुलिस ने गोली चलाई जो जगदीश के पैर में लगी। जगदीश ने फिर पटटी बांधी और रेलवे लाईन के रास्ते हरिद्वार के रेलवेस्टेशन पर पहुंचकर पाइप के रास्ते उपर चढकर तीसरा तिरंगा फैहरा दिया। जैसे ही जगदीश तिरंगा फैहराकर नीचे उतरा तो राजकीय रेलवे पुलिस के इन्सपैक्टर प्रेम शंकर श्रीवास्तव ने उन्हे घेर लिया। जगदीश ने तांव में आकर एक थप्पड इन्सपैक्टर श्रीवास्तव को रसीद कर दिया, जिससे वह नीचे गिर पडा। इन्सपैक्टर ने नीचे पडे पडे ही एक गोली जगदीश को मार दी जो उनके सीने में लगी। तीसरी गोली लगते ही जगदीश मुर्छित हो गया।

# गायत्री मंडल की आम सभा में कई महत्वपूर्ण निर्णय, सनातन परंपराओं के संरक्षण हेतु बहुआयामी प्रयास शुरू

## आध्यात्मिक चेतना केन्द्र के रूप में विकसित होगा श्री पीताम्बरा आश्रम

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**बांसवाड़ा।** 22 मार्च/धार्मिक आध्यात्मिक क्षेत्रों और सनातन परम्पराओं के संरक्षण-संवर्धन के साथ ही इन विषयों से संबंधित व्यापक लोक जागरण एवं संस्कार संवहन के लिए गायत्री मण्डल द्वारा योजनाबद्ध प्रभावी प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए मण्डल द्वारा संचालित श्री पीताम्बरा आश्रम को बहुआयामी चेतना केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

यह निर्णय रविवार को श्री पीताम्बरा आश्रम में मण्डल अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई गायत्री मण्डल की आम सभा में किया गया। इसमें अब तक की गतिविधियों की समीक्षा कर समस्त कार्यों का अनुमोदन करने के साथ ही भावी योजनाओं व प्रस्तावों को अंतिम रूप दिया गया।

### सहभागिता विस्तार पर जोर

मण्डल के मुख्य संरक्षक, पूर्व आयुक्त दिलीप गुप्ता ने अब तक जुड़े सभी सदस्यों एवं सहयोगियों की भूमिका की सराहना करते हुए सभी वर्गों के सनातनधर्मियों की सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में बहुआयामी प्रयासों पर जोर दिया।

गायत्री मण्डल के सचिव विनोद शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर जी. जोशी, उपाध्यक्ष अनिमेष पुरोहित, कोषाध्यक्ष अनन्त जोशी एवं सह सचिव सुभाष भट्ट आदि ने संस्था की उपलब्धियों, वित्तीय स्थिति, भावी योजनाओं आदि पर विस्तार से जानकारी दी। आमसभा में पूर्व अध्यक्ष विद्यासागर शुक्ल, रामशंकर जोशी, चन्द्रेश व्यास, मनोहर एच.जोशी, चन्द्रेश व्यास, द्रोमिल त्रिवेदी, कमल भट्ट, चन्द्रशेखर जोशी, किशोर पाठक, अनिल पण्ड्या, सुरेश पण्ड्या आदि सदस्यों ने महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए।

### उल्लेखनीय सेवाओं पर अभिनन्दन




मण्डल की विभिन्न गतिविधियों में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए वित्तीय सलाहकार सीए अंजनी त्रिवेदी एवं कोषाध्यक्ष अनन्त जोशी का उपरणा एवं शॉल ओढ़ाकर अभिनन्दन किया गया। आम सभा में बताया गया कि संस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में दूरदर्शी एवं ठोस कार्य निरन्तर जारी हैं और इसके अन्तर्गत इस वर्ष 50 आजीवन सदस्यों का लक्ष्य रखा गया है। आगामी एक अप्रेल से वर्ष 2026-27 के लिए वार्षिक सदस्यता एवं नवीनीकरण अभियान आरंभ होगा।

### व्यापक गतिविधियों का सूत्रपात

आम सभा में निर्णय किया गया कि मण्डल की गतिविधियों को और अधिक विस्तार देते हुए अब सनातन धर्म एवं परम्पराओं से संबंधित लोक जागरणपरक अधिकाधिक गतिविधियों को हाथ में लिया जाएगा और इसके लिए सभी समानधर्मा संस्थाओं, संगठनों एवं समूहों की सक्रिय भागीदारी प्राप्त की जाएगी।

### वर्ष भर शताधिक आयोजन

आम सभा में किए गए निर्णयों के अनुसार गायत्री मण्डल के संस्थापक ब्रह्मर्षि पं. महादेव शुक्ल सहित संत-महात्माओं, विभिन्न विषयों के विद्वानों की जयन्ती एवं पुण्य तिथि पर अतिथि विद्वानों एवं विशेषज्ञों की वाताओं, स्मृति व्याख्यानमालाओं एवं संगोष्ठियों, परिचर्चाओं आदि का आयोजन, विभूतियों का सम्मान-अभिनन्दन, पं. महादेव शुक्ल स्मृति ग्रंथ प्रकाशन, गोरजी परम्परा के पुनर्जीवन के लिए विभिन्न समाजों के गोरजियों की गोरजी परिषद् का गठन करने आदि शताधिक कार्य मुख्य हैं।

### व्रत-तिथि निर्णय पर संवाद

इसी प्रकार विभिन्न तिथि, व्रत, पर्व आदि पर शास्त्रसम्मत निर्णय के लिए ज्योतिषियों और पंचांग निमार्ताओं की संगोष्ठी, ऑनलाईन परिचर्चा आदि के माध्यम से सर्वसम्मत निर्णय करने, नई पीढ़ी को ज्योतिष एवं कर्मकाण्ड क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूजा-पाठ एवं अनुष्ठानों आदि में बेरोजगार युवाओं की समुचित भागीदारी सुनिश्चित करने, महिला मण्डल व प्राच्यविद्या शोध संस्थान के पुनर्गठन का निर्णय किया गया।

### उप समितियों का गठन होगा

बैठक में मण्डल एवं आश्रम की गतिविधियों के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न उप समितियों एवं आयोजन समितियों के गठन, ज्योतिष, कर्मकाण्ड, पुरातन विद्याओं पर शिविरों के आयोजन, आश्रम की गतिविधियों को संस्था केन्द्रित स्वरूप देने, पीताम्बरा परिषद एवं श्रीविद्या साधना परिषद भंग करने, नवीन प्रकल्पों का सूत्रपात करने के निर्णय भी हुए।

### दुर्लभ ग्रंथों से समृद्ध संदर्भ ग्रंथालय संचालन

आश्रम परिसर में स्थापित महर्षि पं. पन्नालाल जोशी प्राच्यविद्या संदर्भ ग्रंथालय के विधिवत संचालन की रूपरेखा पर चर्चा के दौरान बताया गया कि शीघ्र ही इसका शुभारंभ किया जाएगा ताकि सनातन वैदिक व पौराणिक ज्ञान, परम्पराओं एवं प्राच्यविद्याओं से संबंधित साहित्य का जिज्ञासु जन उपयोग कर सकें।

### द्वितीय चरण का कार्य शीघ्र शुरू होगा

बैठक में निर्णय किया गया कि आश्रम के विस्तार के लिए शीघ्र ही द्वितीय चरण का निर्माण एवं विकास कार्य आरंभ होगा। ग्रीष्मावकाश में ज्योतिष, पौरोहित्य एवं कर्मकाण्ड तथा साधना प्रशिक्षण शिविर पर विचार किया गया। वर्ष 2026-27 में विभिन्न उत्सव, पर्व, त्योहार, नैमित्तिक अनुष्ठानों, प्राच्यविद्याओं से सम्बद्ध शिविरों, कार्यशालाओं, व्याख्यानों आदि आयोजनों की वार्षिक योजना व रूपरेखा निर्माण किया गया।

# नेह नीड फाउंडेशन के माध्यम से आयोजित छ दिवसीय कार्यक्रम का हुआ समापन





वेलकम इंडिया ब्यूरो

**स्याना(बुलंदशहर)।** स्याना में नेह नीड फाउंडेशन के माध्यम से छ दिवसीय नेह नीड विद्यार्थी चयन शिविर 2026 के आयोजन का समापन हुआ, आपको बता दें कि इस आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निर्माण का संकल्प मां गंगा के पवित्र आंचल की छांव में एक ऐसे परिसर के निर्माण जहां अभावों में पले मां गंगा के समान ही पवित्र ह्रदय बालकों को अत्यंत आत्मयता पूर्वक ऐसी शिक्षा व संस्कार दिये जाये, जिससे ये बालक भविष्य के भ बनकर गरीबी की पीडा झेलने को अभिशप्त हमारे अपने समाज के बीच शिक्षा स्वास्थ्य व स्वावलंबन की गंगा लेकर जायेंगे, इस आयोजित कार्यक्रम में नगर सहित दूरदराज क्षेत्रो के हजारों बुद्धजीवी व सैकडो नेह नीड फाउंडेशन के विद्यार्थियो ने हिस्सा लिया, नेह नीड फाउंडेशन का कार्यक्रम नव रत्न फार्म हाउस में आयोजित किया गया। इस मौके पर बड़े संख्या विद्यार्थी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विश्व-विख्यात आध्यात्मिक गुरु संत राजिन्दर सिंह जी महाराज का फरीदाबाद में आध्यात्मिक सत्संग का कार्यक्रम

वेलकम इंडिया ब्यूरो






**फरीदाबाद।** विश्व-विख्यात आध्यात्मिक गुरु और सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज 25 मार्च, 2026 को सत्संग और आध्यात्मिक दीक्षा कार्यक्रम के लिए फरीदाबाद में पधार रहे हैं।

परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज 25 मार्च, 2026 की शाम को 7 बजे यहाँ अपना आध्यात्मिक प्रवचन देंगे, जिसमें वे प्रेम, खुशी और मन की शांति से भरी जिंदगी जीने के पहलुओं को खोल-खोलकर समझाएंगे। सत्संग के पश्चात रात 9 बजे नए भाई-बहनों के लिए नामदान (आध्यात्मिक दीक्षा) का कार्यक्रम इसी स्थान पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें संत राजिन्दर सिंह जी महाराज जिज्ञासुओं को प्रभु की ज्योति व श्रुति का निजानुभव प्रदान करेंगे। यह कार्यक्रम फरीदाबाद में हरियाणा स्टेट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पास सेक्टर-12 के हुडा ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। सावन कृपाल रूहानी मिशन के फरीदाबाद सेंटर द्वारा आयोजित इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में सभी भाई-बहनों का हार्दिक स्वागत है। सत्संग के इस कार्यक्रम में सिर्फ फरीदाबाद से ही नहीं बल्कि भारत के विभिन्न राज्यों के हजारों लोगों के अलावा विदेशों से आए भाई-बहन भी भाग ले रहे हैं। परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज एक लाभ न कमाने वाली संस्था सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष हैं, जिसे पश्चिमी देशों में साईंस ऑफ स्पिरिचुएलिटी के नाम से भी जाना जाता है। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के जीवन और उनके आध्यात्मिक कार्य को प्रेम और निस्वार्थ सेवा की कभी न खत्म होने वाली यात्रा के रूप में देखा जा सकता है। उनका उद्देश्य विश्वभर के लाखों लोगों को मनुष्य जीवन के मुख्य ध्येय जोकि अपने आपको जानना और पिता-परमेश्वर को पाना है, को खोजने में मदद करना है। वे पिछले 35 वर्षों से जीवन के सभी क्षेत्रों के लाखों लोगों को ध्यान-अभ्यास की विधि सिखाकर उन्हें अपने अंदर ही प्रभु की ज्योति और श्रुति का अनुभव करा रहे हैं।

संत राजिन्दर सिंह जी महाराज को विश्वभर में ध्यान-अभ्यास पर आधारित सेमिनारों, आध्यात्मिक पुस्तकों, डीवीडी, ऑडियो बुक, लेख, टीवी, रेडियो, इंटरनेट प्रसारणों तथा सोशल मीडिया के माध्यम से लाखों भाई-बहनों को ध्यान-अभ्यास की विधि सिखाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज की पुस्तकें विश्व की 56 भाषाओं में उपलब्ध हैं, जिनमें 'मन का शुद्धिकरण' 'मेडिटेशन ऐज मेडिकेशन फॉर द सोल' और 'ध्यान-अभ्यास के द्वारा आंतरिक और बाहरी शांति' आदि शामिल हैं। सावन कृपाल रूहानी मिशन के संपूर्ण विश्वभर में 3400 से अधिक केन्द्र स्थापित हैं। इसका मुख्यालय विजय नगर, दिल्ली में है तथा अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय नेपरविले, शिकागो, अमेरिका में स्थित है। सत्संग से संबंधित अधिक जानकारी के लिए 91-7065117100 या www.sos.org पर संपर्क कर सकते हैं।

# मां कुष्मांडा के दर्शनों को उमड़े श्रद्धालु, भक्ति गीतों से गूंजा श्री नवदुर्गा शक्ति मंदिर





वेलकम इंडिया ब्यूरो

**बुलंदशहर।** खुर्जा में चैत्र नवरात्रि महोत्सव के चतुर्थ दिन रविवार को श्री नवदुर्गा शक्ति मंदिर में मां कुष्मांडा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही भक्त माता रानी के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना करते रहे और सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश अरोड़ा ने बताया कि इस अवसर पर मां कुष्मांडा को बैंगनी रंग की आकर्षक पोशाक धारण कराई गई तथा मालपुआ का विशेष भोग लगाया गया। मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है। दोपहर से मंदिर परिसर में संकीर्तन का आयोजन शुरू हो गया, जिसमें श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। शाम के समय नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से आई विभिन्न कीर्तन मंडलियों ने अपने मधुर भजनों से माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया।

# टाण्डा में भाकियू (टिकैत) का ईद मिलन कार्यक्रम, किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**टाण्डा(रामपुर)।** नगर के मोहल्ला मनिहारान में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की ओर से ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश सचिव सरदार मंजीत सिंह अटवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। स्थानीय पदाधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और भाईचारे का संदेश दिया। इसके बाद आयोजित पंचायत में किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। किसानों ने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली, तहसील में बिना रिश्वत काम न होने और भ्रष्टाचार को लेकर नाराजगी जताई। सरदार मंजीत सिंह अटवाल ने प्रशासन से भ्रष्ट अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि किसानों का उत्पीड़न जारी रहा तो थाने और तहसील पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने बेमौसमी बारिश, ओलावृष्टि और आंधी-तूफान से फसलों को हुए नुकसान का सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दिलाने की भी मांग की। इस अवसर पर अवतार सिंह, मंगल सिंह, नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला, जिला सचिव साबिर अली, सुखविन्दर सिंह हुंदल, कुलदीप सिंह, बलजीत सिंह बाजवा, गुरमुख सिंह, पिर्थिपाल सिंह, कमरुद्दीन, गुरप्रीत अटवाल, युवा नगर अध्यक्ष फरीद खां, भूरा खान, सईद लाला, उमर फारूक, मोहम्मद रफीक, नईम, मास्टर रफीक, सलीम, हसीन खां, इस्माईल, शराफत पहलवान, फरजंद, रिजवान, अजीम और सलमान आदि मौजूद रहे।

# भाजपा नेताओं ने नरेश तोमर के पिता के निधन पर जताया शोक, भूपेंद्र चौधरी पहुंचे आवास



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** भारतीय जनता पार्टी जिला हापुड़ के निवर्तमान जिला अध्यक्ष नरेश तोमर के पिता के निधन के बाद शोक संवेदनाएं व्यक्त करने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी उनके आवास पर पहुंचे और शोक संवेदना प्रकट की। इस दौरान उनके साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया भी मौजूद रहे। नेताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि प्रभु उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी फोन पर अपनी गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। पूर्व जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने कहा कि इस दुख की घड़ी में सरकार और संगठन उनके साथ खड़े हैं, जिसके लिए वह सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

# डॉक्टरों ने की जांच, दिया परामर्श, उपचार, 137 समाजजन एवं शहरवासी हुए लाभान्वित

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**बांसवाड़ा।** चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान सामाजिक सेहत रक्षा सरोकारों के निर्वहन की दिशा में पंच सहस्त्र औदीच्य समाज बांसवाड़ा नगर इकाई की ओर से यहां सेठ सांवरिया धर्मशाला में रविवार को रिदम हार्ट एवं मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल बाँसवाड़ा के तत्वावधान में आयोजित चिकित्सा शिविर आशातीत सफल रहा। इसमें रिदम हार्ट एवं मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल से संबंधित मशहूर चिकित्सा विशेषज्ञों ने अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों से जांच की और समुचित परामर्श सेवाओं से लाभान्वित किया। शिविर में विशेषकर ईसीजी, बीपी, ब्लड शुगर, खून में ऑक्सीजन मात्रा आदि की जांच की गई। ह्रदय रोग विशेषज्ञ व एम.डी फिजिशयन द्वारा परामर्श दिया गया। शिविर में कुल 137 व्यक्ति जांच एवं चिकित्सा परामर्श से लाभान्वित हुए। इस अवसर पर सहस्त्र औदीच्य समाज बांसवाड़ा के अध्यक्ष मदन मोहन भट्ट ने डॉ. यश शाह कन्सल्टेंट फिजिशियन एण्ड क्रिटीकल, डॉ. विपिन चन्द्र आदित्य दासरी कार्डियोलॉजी, डॉ. पार्थ डामोर द्वारा आदि चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा प्रदत्त उल्लेखनीय स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की। समाज के कोषाध्यक्ष अरविंद पाठक ने बताया कि चिकित्सा शिविर में अमर सिंह राठौड़ यूनिट हेड, जतिन पण्ड्या, भव्य पाठक, अभिषेक वैष्णव, कार्तिक जोशी आदि ने चिकित्सा व्यवस्था से संबंधित विभिन्न इकाइयों के माध्यम से सेवाएं दीं। प्रगति अंजलि नीलम ने विभिन्न ईसीजी, कोलेस्ट्रॉल, बी पी आदि की जाँच की। शिविर में अरुण पण्ड्या, कमलेश पंचाल, बाबू सिंह, गोविंद जोशी, चन्द्रशेखर जोशी, लता भट्ट, रेणुका भट्ट, विद्यासागर शुक्ल, सुनील तम्बोली सहित बड़ी संख्या में समाजजनों एवं शहरवासयों निष्णात चिकित्सकों की सेवाओं का लाभ लिया।

# कथाकुंज के संस्थापक डॉ.गोविंद गुप्ता की धर्मपत्नी वंदना गुप्ता नगर पालिका परिषद में सदस्य नामित

डॉ. शंभु पंवार



**नई दिल्ली(वेलकम इंडिया)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने कथाकुंज साहित्य सेवा परिषद के संस्थापक एवं वरिष्ठ साहित्यकार, मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. गोविन्द गुप्ता की धर्मपत्नी वंदना गुप्ता को नगर पालिका परिषद मोहमदी में सभासद सदस्य के रूप में नामित किया है। वंदना गुप्ता की इस घोषणा के साथ ही साहित्य जगत में खुशी की लहर दौड़ गई। वंदना गुप्ता के नामांकन को साहित्य और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय परिवार की उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। कथाकुंज संस्था आज राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साहित्यिक गतिविधियों का सशक्त मंच बन चुकी है, जहां विभिन्न विधाओं के रचनाकार अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करते हैं। इस अवसर पर धरा धाम इंटरनेशनल के प्रमुख एवं मानद कुलपति सौहार्द शिरोमणि संत डॉ. सौरभ पांडेय, कथाकुंज के सलाहकार वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर एवं अंतरराष्ट्रीय लेखक, पत्रकार विचारक डॉ. शंभु पंवार, गीतांजलि काव्य प्रसार मंच दिल्ली की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार, मोटिवेशनल काउंसलर डॉ.गीतांजलि नीरज अरोड़ा 'गीत', कथाकुंज के संस्थापक मुकेश पटेल, अध्यक्ष डॉ. पारुल अग्रवाल, महिला शाखा अध्यक्ष मीनू कुमार, साहित्य शाखा अध्यक्ष विनीता जायसवाल, प्रवक्ता विकास मिश्रा, सहित अनेक साहित्यकारों एवं विभिन्न राष्ट्रीय- अंतराष्ट्रीय साहित्यिक संस्थाओं ने वंदना गुप्ता को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# प्योर इंडिया ट्रस्ट को मुंबई में मिला 'देसी धाकड़ सोशल इम्पैक्ट अवॉर्ड 2026'

वेलकम इंडिया ब्यूरो






**मुंबई।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) इंडिया कार्यालय में 20 मार्च 2026 को आयोजित 'देसी धाकड़ सोशल इम्पैक्ट अवॉर्ड 2026' समारोह में राजस्थान में करौली के प्योर इंडिया ट्रस्ट को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर का सम्मान प्रदान किया गया।

यह पुरस्कार संगठन के 'सामाजिक उद्यम इनक्यूबेशन, उद्यमिता प्रशिक्षण तथा माइक्रो-एंटरप्राइज के माध्यम से वित्तीय आत्मनिर्भरता' को बढ़ावा देने के उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया।

प्योर इंडिया ट्रस्ट अब तक 7,000 महिलाओं को उद्यमी बना चुका है और वर्ष 2030 तक 25,000 महिलाओं को उद्यमी बनाने के लक्ष्य पर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर ट्रस्ट की संस्थापक श्रीमती मेधा नरुका को उनके नेतृत्व और योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार विशेष रूप से उन महिला-नेतृत्व वाले संगठनों को मान्यता देता है, जो नवाचार और समावेशी विकास के माध्यम से देशभर में प्रभावशाली और स्थायी परिवर्तन ला रहे हैं तथा 'विकसित भारत' के निर्माण में योगदान दे रहे हैं। प्योर इंडिया ट्रस्ट की यह उपलब्धि उसकी समर्पित टीम, सहयोगी संस्थाओं और लाभार्थी समुदायों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। संगठन देशभर में आजीविका के सतत अवसरों के माध्यम से लोगों को सशक्त बनाने के अपने मिशन पर निरंतर कार्य कर रहा है। समारोह में देश की अन्य कई प्रतिष्ठित संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पद्मश्री एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता डायना एडुलजी, जो भारत की पहली महिला क्रिकेट कप्तान रही हैं, सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। प्योर इंडिया ट्रस्ट के संस्थापक प्रशांत पाल ने बताया कि यह पुरस्कार ट्रस्ट के सोशल स्टॉक एक्सचेंज में शामिल होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही ट्रस्ट देश की चुनिंदा 25 संस्थाओं में शामिल होने जा रहा है, जो करौली के लिए गर्व की बात है।

# रंगदारी माँगने की शिकायत पर पुलिस ने मुख्य आरोपी गोपाल बनवासी को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**बागेश्वर।** होटल व्यवसायी को भवन निर्माण में अतिक्रमण करने के मामले में न्यायालय का भय दिखाकर मामले को रफा दफा करने के मामले में होटल व्यवसायी विक्रम दानू द्वारा रंगदारी मांगने पर रंगदारी मांगने वाले मुख्य आरोपी के खिलाफ कोतवाली पुलिस में रंगदारी मांगने, मानसिक रूप से उत्पीड़न करने की शिकायत करते हुए पुलिस से मामले में आवश्यक कार्यवाही की मांग की थी।

होटल व्यवसायी द्वारा मामले में आरोपी का ऑडियो क्लिपिंग और अन्य साक्ष्यों को पुलिस को सौंपते हुए आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने मामले में जांच करते हुए आरोपी गोपाल बनवासी को गिरफ्तार किया है। होटल व्यवसायी विक्रम दानू ने कानूनी मामलों का भय दिखाते हुए होटल की इमारत को अवैध निर्माण बताकर इमारत को ध्वस्त करवाने की कार्रवाई करने की धमकी देकर 40 हजार रुपये वसूलने व ढाई लाख रुपये की रंगदारी मांगने की प्राथमिकी कोतवाली पुलिस में दर्ज कराई। शिकायती पत्र के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी गोपाल बनवासी के विरुद्ध रंगदारी मांगने के मामले में 17/26 धारा 308 (5) बीएनएस के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज किया।

मामले की विवेचनात्मक कार्यवाही करने के बाद आरोपी अभियुक्त गोपाल बनवासी उर्फ गोपाल राम पुत्र मदन राम निवासी रीठा कंधार गरुड़ बैजनाथ बागेश्वर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।मामले में प्रेस वार्ता करते हुए पुलिस उपाधीक्षक अजय साह ने बताया कि रंगदारी मामले में पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी धारा 366/306,308(2)/308,4)/316(2) बी,धारा 308(2)/308(6) बीएनएस की धारा में कोतवाली वैजनाथ में मुकदमे दर्ज है।

उन्होंने किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी को इस तरह रंगदारी मांगने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और कभी भी ऐसी स्थिति में पुलिस को सूचित कर पुलिस द्वारा प्रत्येक व्यक्ति को कानूनी सहयोग देने की बात कही। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई नितिन बहुगुणा सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# आगरा पुलिस की पहल: 20 दंपत्तियों का परामर्श कर पारिवारिक जीवन में लाया गया सामंजस्य

**मयूर खान**



**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा में पुलिस कमिश्नर के निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र ने आपसी मतभेदों के चलते अलगाव की ओर बढ़ रहे 20 दंपत्तियों का परामर्श कराकर पारिवारिक जीवन में पुनः सामंजस्य स्थापित कराया है। कुशल काउन्सलर्स द्वारा परामर्श की प्रक्रिया के पश्चात पति-पत्नी/परिवारीजनों ने आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने का संकल्प लिया, जिससे न केवल परिवार टूटने से बचे, बल्कि उनके बच्चों और परिजनों का भविष्य भी सुरक्षित हुआ। यह पहल आगरा पुलिस की परिवारों को मजबूत बनाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। परिवार परामर्श केंद्र ने दंपत्तियों को उनके मतभेदों को दूर करने और एक दूसरे के प्रति समझ बढ़ाने में मदद की। परामर्श के दौरान, काउन्सलर्स ने दंपत्तियों को उनके रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक कौशल और तकनीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उन्हें आपसी संवाद और समझ को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया।

## गागलहेडी पुलिस को मिल रही है लगातार सफलता



**राजीव चौधरी**

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** गागलहेडी थाना प्रभारी अमित नागर ने कहा क्षेत्र में बर्दास्त नहीं होगी नशा तस्करी थाना गागलहेड़ी पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है - थाना प्रभारी अमित नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि एक शातिर नशा तस्कर भूपेंद्र पुत्र ठाठ सिंह निवासी ग्राम उग्राहू थाना गागलहेड़ी जनपद सहारनपुर को भरतपुर जाने वाले मार्ग पर आम के बाग के पास से गिरफ्तार किया है - जिसके पास से 143.20 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई है और पकड़े गए आरोपी का पुराना भी अपराधिक इतिहास है - और इसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है - गिरफ्तार करने वाली टीम में गागलहेडी थाना प्रभारी अमित नागर, उपनिरीक्षक शिवकुमार, हैड कांस्टेबल कपिल तेवतिया, कांस्टेबल सुशांत कपिल मौजूद रहे।

# ईद की नमाज अकीदत के साथ अदा, सुरक्षा के रहे चाक-चौबंद इंतजाम

## देश में अमन भाईचारा सौहार्द एकता बनी रहे की मांगी दुआ





**फतेह खान**

**शुजागंज(वेलकम इंडिया)।** रूदौली कोतवाली के अंतर्गत ग्रामणी इलाको में ईद उल फितर की नमाज विभिन्न मस्जिदों में पूरे अकीदत, उल्लास और शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। सुबह से ही नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने अमन-चैन, भाईचारे व खुशहाली बनी रहे की दुआएं मांगीं ईदगाह में बड़ी संख्या में नमाजियों ने नमाज अदा की, वहीं कोटरा, विचारा,हलीमनगर, ऐथर, रहीमगंज, कोपेपुर, भेलसर , अल्हवाना,समेत क्षेत्र की अन्य मस्जिदों में भी नमाजियों ने पूरे धार्मिक भाव के साथ नमाज पढ़ी।

नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। जिससे पूरे इलाके में उत्सव और भाईचारे का माहौल नजर आया। वहीं दूसरी ओर उक्त थाना क्षेत्र के नगर में ईद की नमाज सकुशल शांतिपूर्ण संपन्न हुई ।

ईद की नमाज सकुशल सम्पन्न कराने हेतु कराने के लिए एडीएम, एसडीएम संतोष कुमार, एसपी आर ए बलवंत चौधरी, सीओ आशीष निगम व कोतवाल संजय मौर्या ने शुजागंज चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह, भेलसर चौकी इंचार्ज युवराज सिंह,उपनिरीक्षक राकेश यादव कांस्टेबल अभिषेक कुमार लोकेश कुमार रवि चौधरी, दिवान इंद्रेश यादव के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## आगरा ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई: बिजलीघर चौराहे पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर शिकंजा



**मयूर खान**

**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा में डीसीपी ट्रैफिक सोनम कुमार के निर्देशन में आगरा ट्रैफिक पुलिस द्वारा बिजलीघर चौराहे पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। बिना वैध प्रपत्र वाले वाहनों को भी नहीं बख्शा जा रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। आगरा ट्रैफिक पुलिस की यह पहल शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और लोगों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए है। आगरा ट्रैफिक पुलिस की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, जिससे शहर में यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

# साहित्य ही लाता है समाज में परिवर्तन : डा. दुबे

## बौद्धिक सत्र में शिविरार्थियों को दी विविध जानकारियां

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**गरुड़।** सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरुड़ का सात दिवसीय एनएसएस शिविर जारी है। शिविर के दौरान वरिष्ठ साहित्यकार व प्राध्यापक डा. हेम चंद्र दुबे ने कहा कि साहित्य ही समाज में परिवर्तन लाता है। बौद्धिक सत्र में साहित्यकार डा. हेम चंद्र दुबे ने शिविरार्थियों को विविध साहित्यिक जानकारी देते हुए कहा कि साहित्य ही समाज को सही दिशा देता है।

साहित्य ही समाज का दर्पण है।उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को लगातार अध्ययन करते रहना चाहिए। अध्ययन करने से ही बौद्धिक स्तर बढ़ता है। इससे पूर्व शिविरार्थियों ने गागरीगोल क्षेत्र का आर्थिक-सामाजिक सर्वे किया।

विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार चंद्रशेखर बड़सीला ने कहा कि जीवन में अनुशासन का महत्त्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने शिविरार्थियों से एक निर्धारित लक्ष्य के साथ कड़ी मेहनत करने को कहा। इस मौके पर शिविरार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. डीएन तिवारी ने तथा संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा. अवधेश तिवारी ने किया। इस दौरान डा. शिवप्रकाश राय आदि मौजूद थे।

## आगरा पुलिस की त्वरित कार्रवाई: बिछड़ी महिला पर्यटक को 30 मिनट में मिलाया साथियों से

**मयूर खान**



**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा में पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार के निर्देशन में 'ऑपरेशन टूरिस्ट डिलाइट' के तहत पर्यटकों की सुरक्षा और सहायता को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी कड़ी में केरल से ताजमहल देखने आई एक महिला पर्यटक अपने साथियों से बिछड़ गई। लेकिन थाना ताज सुरक्षा पुलिस की क्विक रिस्पॉन्स टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला पर्यटक को 30 मिनट के भीतर सकुशल उनके साथियों से मिलाया। यह घटना आगरा पुलिस की कुशलता और पर्यटकों की सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। महिला पर्यटक और उनके साथियों ने आगरा पुलिस का आभार जताया है और उनकी त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा की है। आगरा पुलिस की इस कार्रवाई से पर्यटकों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है और वे अब ताजमहल और अन्य पर्यटन स्थलों पर जाने में अधिक सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। आगरा पुलिस की यह पहल निश्चित रूप से पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद करेगी और आगरा को एक सुरक्षित और स्वागत योग्य शहर बनाएगी।

# ईश्वर दर्शन कर आवागमन के बंधन से मुक्त हो जाना ही मानव जीवन का उद्देश्य है : साध्वी मेरुदेवा भारती

## रामलीला मैदान गरुड़ में भागवत कथा शुरू, दिव्य ज्योति जागृति संस्थान कर रहा है आयोजन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**गरुड़।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के तत्वाधान में रामलीला मैदान गरुड़ में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा प्रारंभ हो गई है। कथा का शुभारंभ जिपंस जनार्दन लोहुमी, बबलू नेगी, भाष्कर बोरा, सभासद अंकित जोशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कथा व्यास साध्वी सुश्री मेरुदेवा भारती ने आत्मदेव के प्रसंग को भक्तों के समक्ष रखते हुए कहा कि आत्मदेव ने सदैव ईश्वर से संतान की मांग की, संसार के सुख की मांग की, संतों के समझाने पर भी वह ईश्वर भक्ति की ओर नहीं बढ़े और परिवार व अपने ही पुत्र के द्वारा दुखी रहे, अशांत रहे। यदि आप सुख पाना चाहते हो, तो वह संसार में नहीं बल्कि ईश्वर की प्राप्ति में मिलेगा।

जिसने भी ईश्वर से सुख की मांग की है वह दुखी ही रहा है। क्योंकि सुख में दुःख छुपा है। सुख का स्त्रोत मात्र वह ईश्वर ही है। जब मनुष्य ईश्वर की प्राप्ति कर लेता है तो वह दुःख में भी आनंद से रहता है।

वह दुःख के पल में भी ईश्वर का अनुभव करता है इसलिए यदि यह जीवन मिला, यह मानव का तन मिला है तो इसे सार्थक कर लें। ईश्वर से ईश्वर की मांग करें। इस दौरान कैलाश चंद्र जोशी, जीवन दोसाद, जगदीश तिवारी, मोहन सिंह अल्मिया आदि मौजूद थे।

## किशोरी की मौत पर सांत्वना देने पहुंचे भाजपा एवं बसपा नेता



**औरंगाबाद(वेलकम इंडिया)।** बीमारी से किशोरी की हुई मृत्यु पर भाजपा बसपा नेताओं ने घर पर जाकर शोक व्यक्त किया। आपको बता दें ग्राम परवाना निवासी नीतू सिंह की 16 वर्षी पुत्री गुंजन बीमारी के कारण हुई मृत्यु पर पूर्व विधायक डॉ अनीता लोधी भावी जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी बबलू लोधी प्रधान भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य जयपाल सिंह गौतम स्याना बसपा विधानसभा अध्यक्ष प्रदीप गौतम सोनू भैया भाजपा पूर्व जिला पंचायत सदस्य आदि लोगों ने नीतू के घर जाकर परिजनों सांत्वना देते ढांढस बंधाया।

## बेटी के साथ छेड़छाड़ की घटना हुई, जिसका विरोध करने पर पिता से मारपीट

**बुलंदशहर(वेलकम इंडिया)।** बुलंदशहर जहां दबंगों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि न्याय मांगने गए एक पिता को बेरहमी से पीट दिया। पहासू थाना क्षेत्र के कस्बा पहासू का मामला है।बताया जा रहा है कि एक बेटी के साथ छेड़छाड़ की घटना हुई, जिसका विरोध करना उसके पिता को भारी पड़ गया। जब पीड़ित पिता न्याय की गुहार लेकर आरोपियों के पास पहुंचा, तो दबंगों ने उस पर हमला कर दिया। हमले में पिता को गंभीर चोटें आईं, खासकर उसके सिर पर गहरी चोट बताई जा रही है। मारपीट के बाद पीड़ित खून से लथपथ हालत में किसी तरह पहासू थाने पहुंचा, जहां पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। लेकिन हैरानी की बात यह है कि घटना के बाद भी पुलिस की ओर से अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि दबंग खुलेआम घूम रहे हैं और उन्हें लगातार धमकियां दी जा रही हैं। परिवार ने प्रशासन से सुरक्षा और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

## जिला कार्यसमिति भाजपा पवन गौतम राम जी मिश्रा बने भाजपा जिला उपाध्यक्ष



**विजय द्विवेदी**

**प्रतापगढ़(वेलकम इंडिया)।** भाजपा प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति पर भाजपा कार्यसमिति की घोषणा मे जनपद के मिलनसार और जनता के बीच गहरी पैठ रखने वाले भाजपा नेता पूर्व जिलामन्त्री पवन गौतम को भाजपा जिलाध्यक्ष घोषित किया ।पवन गौतम के साथ ही जिलाध्यक्ष ने जिला मीडिया प्रभारी रामजी मिश्रा को जिलाउपाध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की है ।पवन गौतम प्रतापगढ़ जनपद के लोकप्रिय नेता है ।जिनकी जनता के बीच गहरी पैठ है ।पवन गौतम की खासियत है कि वो क्षेत्रवासियो के दुख :दर्द मे बिन बुलाए पहुँचते है और जहा तक सभव होता है साथ खडे रहते है ।उनकी इसी खाशियत को देखते हुए बाबागज क्षेत्र की जनता चाहती थी पवन गौतम को विगत विधानसभा चुनाव मेभाजपा विधायक प्रत्याशी घोषित करे ।लेकिन भाजपा ने उन्हे टिकट न दे अन्य को टिकट दे दिया जिससे बाबागज मे भाजपा के नाराज समर्थकों ने भाजपा से दूरी बना वोटिग की जिससे राजाभैया समर्थित विनोद सरोज की जीत पुन: सुनिश्चित हो गयी थी।

# यूपी के साथ पूरे देश में हो रहा ग्रापए का विस्तार:संजय द्विवेदी

**वेलकम इंडिया संवाददाता**









**बस्ती(संतकबीरनगर)।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तत्वाधान में पत्रकारों के परिचय पत्र वितरण का कार्यक्रम टाटा मोटर्स के शोरूम एसपी ऑटोव्हील्स गोटवा में आयोजित किया गया।

जीपीए के प्रदेश महामंत्री डॉ0 संजय द्विवेदी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मंडल अध्यक्ष बलराम त्रिपाठी एवं जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी ने पत्रकारों के हित में विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की एवं एकजुट होकर समाज में होने वाली कुरीतियों एवं जरूरतमंदों को न्याय दिलाने के लिए कर्तव्य निष्ठा के साथ अपने कलम का प्रयोग करने की बात कही।

जिससे समाज में एक अच्छे पत्रकार की भूमिका में दिखाई दें और आपके द्वारा प्रसारित की गई खबर से किसी गरीब,असहाय जरूरतमंद की मदद हो सके।

प्रदेश महामंत्री डॉ0 संजय द्विवेदी ने कहा कि 1986 में हम लोगों के अगुआ संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल द्वारा एक सपना देखा गया था कि समूह के माध्यम से विभिन्न जनपदों में हम जनता की आवाज को अखबार के माध्यम से रखें और उन्होंने एक मजबूत संगठन का निर्माण किया। जिसका नामकरण ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के रूप में हुआ।

उन्होंने कहा कि पूर्व में कम संसाधन में जिस तरह संगठन द्वारा विस्तार का क्रम जारी रखा गया।

उसका परिणाम है कि आज जीपीए पूरे भारत का सबसे बड़ा पत्रकार संगठन है।

उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश के साथ-साथ कई प्रदेशों में भी संगठन का विस्तार हो रहा है और पत्रकार के हित में विभिन्न महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संरक्षक एवं टाटा मोटर्स एसपी ऑटोव्हील्स के निदेशक अखिलेश दुबे ने कहा कि पत्रकार हित में जो भी महत्वपूर्ण कदम उठाया जाना है उसके लिए अभिभावक के रूप में निरंतर सहयोग की भावना बनी रहेगी।

उन्होंने सभी पत्रकारों को बताया कि सभी का बीमा कराया जा चुका है और समय-समय पर रिन्यूअल भी कराया जाता है। सुरक्षा की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम में प्रशासनिक सेवा में चयनित युवाओं के प्रेरणास्त्रोत बस्ती जनपद के हरैया क्षेत्र के सकरदहा निवासी प्रखर शुक्ला (आईएएस) को संगठन के पदाधिकारियो द्वारा अंगवस्त्र सील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन पंकज त्रिपाठी द्वारा किया गया।

शिक्षाविद एवं पत्रकार धनीश त्रिपाठी द्वारा कार्यक्रम के समापन की घोषणा करते हुए उपस्थित लोगों आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में जनार्दन पाण्डेय, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, डॉ0एसके सिंह, पंकज त्रिपाठी, अनिल कुमार पाण्डेय, उमेश कुमार दूबे, रुबल कमलापुरी, सूर्य नारायण उपाध्याय, संतोष कुमार उपाध्याय, हाफिज जावेद, प्रशांत कुमार पाण्डेय, विजय पाण्डेय, मनोज कुमार सिंह, अभय जीत सिंह, प्रेम कुमार सिंह, राम ललित यादव, राजित राम यादव, प्रेमसागर पाठक, अनूप कुमार मिश्र, बिंदेश्वरी प्रसाद, राजाराम, आदित्य सिंह, राजेश राज, बेचू लाल अग्रहरि, सूरज मिश्रा, उमेश कुमार पाल, समसुल हक, विनोद सोनकर, दिलीप कुमार पाण्डेय, अरुण कुमार, अरुण मिश्रा,विवेक मिश्रा,राधेश्याम यादव, धीरेंद्र प्रताप सिंह, धनीश त्रिपाठी, महेंद्र उपाध्याय, राकेश प्रकाश श्रीवास्तव, एसएन द्विवेदी, अजीत पाल, सुनील उपाध्याय, सतीश कुमार उपाध्याय, अतुल कुमार सिंह,

बृज किशोर यादव, इंद्रीश सिद्दीकी, कुलदीप सिंह, शैलेंद्र प्रताप सिंह, रमेश चंद्र, अनूप लाल श्रीवास्तव, बजरंगी लाल, बृजेश पाल सिंह, परशुराम वर्मा, कुलदीप चौधरी, बीके लाल, रामकृपाल दुबे, विमलेश श्रीवास्तव, अमरेंद्र पाण्डेय, अभय दुबे सोनू, सिद्धार्थ चौहान, सुशील द्विवेदी, सत्यराम, शकील, परवेज आलम, मंटू, मोहम्मद असलम, शक्ति शरण उपाध्याय, ज्ञानचंद द्विवेदी, शंकर यादव, नवीन तिवारी, योगेश्वर त्यागी, गुंजेश्वरी प्रताप सिंह, संतोष कसौधन, दिनेश चंद्र, डीके सिंह, राम जनक यादव, दिनेश कुमार पटेल, राकेश चौधरी, रामजीत पाण्डेय, नरेंद्र कुमार मिश्र, श्रवण कुमार पाण्डेय, नीरज कुमार, लाल जी वर्मा, अफजाल अहमद कुरेशी, हेमंत पाण्डेय, कृष्ण दत्त द्विवेदी, आनंद शुक्ला, सोनू पाण्डेय, विनय पाठक, उमेश चंद्र मिश्र, चंद्रेश दुबे, महेंद्र कुमार सोनी, बिंदेश्वरी लाल श्रीवास्तव, विष्णु कुमार शुक्ल, विजय कुमार शर्मा, विनय कुमार जायसवाल, जटा शंकर पाण्डेय, बृजेश गुप्ता, प्रमोद श्रीवास्तव शामिल रहे।

# करमा कला में विधायक मेहदावल की उपस्थिति में जल अर्पण-2026 का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया संवाददाता







**संतकबीरनगर।** 'विश्व जल दिवस' के शुभ अवसर पर जनपद के विकासखंड- सांथा के ग्राम पंचायत करमा कला में विधायक मेहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति में पेयजल योजना से संबंधित जल अर्पण-2026 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पेयजल के उपयोग एवं योजना के संचालन / रखरखाव के बारे में ग्रामवासियों को जानकारी दी गई। विधायक मेंहदावल ने महिलाओं एवं बच्चों को संबोधित करते हुए भविष्य एवं स्वास्थ्य को लेकर पेयजल की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई एवं जल जीवन मिशन के कार्यों की सराहना के साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार को आभार प्रकट किया। विधायक अनिल त्रिपाठी द्वारा जल निगम को निर्देश दिया कि इसी तरह से अन्य योजनाओं को भी पूर्ण कराकर ग्रामवासियों को लाभान्वित करें।

मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी ने जल के उपयोग एवं इसके लाभ के बारे में जानकारी दी गई एवं जल का दुरुपयोग न करने का आह्वान किया गया।

अधिशासी अभियंता द्वारा जल जनित बीमारियों एवं इनसे बचने के लिए टंकी के पानी का उपयोग करने को आग्रह किया गया। जल अर्पण कार्यक्रम के उद्देश्य को बताते हुए उन्होंने कहा कि पेयजल योजनाओं के अंतर्गत निर्मित समस्त इकाइयों के देख-रेख ग्राम पंचायत स्तर पर सामुदायिक सहभागिता से की जानी है। उन्होंने जल संचालन के बारे में जानकारी दी तथा लोगों को जागरूक किया।

विधायक द्वारा पेयजल योजना से संबंधित करमा कला एवं भटौरा से जुड़े उत्कृष्ट कार्य करने वालों में ऋळ.ङ. महिलाओं, पंप ऑपरेटर एवं ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विधायक जी द्वारा योजना का निरीक्षण किया गया एवं वृक्षारोपण करने के साथ अन्त में गांव में हाउस कनेक्शन से जलापूर्ति (नल से स्वच्छ पेयजल) का निरीक्षण किया गया एवं सराहना की गई। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सांथा अरविन्द जायसवाल, सहायक विकास अधिकारी (पं०), ग्राम प्रधान करमा कला राम अदालत एवं ग्राम प्रधान भटौरा घनश्याम यादव, जल निगम के अधिशासी अभियंता इं० महेंद्र राम, सहायक अभियंता इंजीनियर इं० जय नारायण यादव इंजीनियर, इं० अभिषेक पाण्डेय, इं० चंद्रशेखर यादव, जूनियर इंजीनियर मनोज पाल, इं० प्रिन्स पाण्डेय, इं० प्रभुत्व सिंह, इं० अभिषेक कुमार, इं० आनंद सिंह, इं० प्रशांत पटेल, एवं कार्यदायी फर्म जैक्शन (जे०वी०) के प्रोजेक्ट मैनेजर लालचन्द एवं उद्धट पंकज पासवान, प्रिन्स कुमार, साइट इं० अवनीश यादव सहित ग्रामवासी आदि उपस्थित रहे।

## भारत मोटर व्हील्स शो-रूम सेमरियावा का हुआ भव्य उद्घाटन



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** रविवार को विकास खण्ड सेमरियावा के सेमरियावा चौराहे पर भारत मोटर व्हील्स शो रूम का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। सेमरियावा ब्लाक के सेमरियावा चौराहे पर भारत मोटर व्हील्स शो रूम का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। इस दौरान प्रॉपराइटर हाफिज मकसूद अहमद नदवी ने बताया कि अब इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहन के लिए चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधा मुहैया कराना ही हमारा उद्देश्य है। हमारे शो रूम में उत्तम क्वालिटी के इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहन उपलब्ध हैं। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख मशहूर आलम चौधरी, शोएब अहमद नदवी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मुहम्मद अहमद, मौलाना मुनीर नदवी,एजाज मुनीर, वसीम अहमद, अशोक चौरसिया, ताबिश कलीम, जवाहर लाल, फैजान अहमद, इजहार चौधरी, फुजैल नदवी,वजहुल कमर, समीउल्लाह अंसारी, कमरे आलम सिद्दीकी, निसार अहमद, मुहम्मद जाहिद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# 'नव निर्माण के 9 वर्ष' कार्यक्रम में योजनाओं की उपलब्धियां गिनाईं

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** केन्द्र सरकार के 11 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नव निर्माण के 09 वर्ष कार्यक्रम के अंतर्गत जनकल्याणकारी विभागों द्वारा प्रदर्शनी/मेला एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार से सम्बंधित नौ दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन परिसर के डी0पी0आर0सी0 हॉल में किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज यूपीनेडा विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सहित अन्य योजनाओं की उपलब्धियों पर कार्यक्रम डी0पी0आर0सी0 हाल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उन लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए जिनके आवास पर संबंधित एजेंसियों/वेंडरों द्वारा सोलर संयंत्र स्थापित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान योजना के सफल क्रियान्वयन एवं स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लाभार्थियों को योजना की उपयोगिता एवं लाभों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महेश मौर्य एवं पार्टी कलाकारों द्वारा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं का लोकगीतों के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी यूपीनेडा अरविंद कुमार वर्मा, सहायक अभियंता विद्युत विभाग मुकेश गुप्ता, सोलनोवा कंपनी के प्रतिनिधि राहुल मिश्रा, प्रगति एंटरप्रेन्योर के वेंडर गुरुदत्त सिंह सहित अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारी व लाभार्थीगण आदि उपस्थित रहे।

## गरीब परिवार के यहां सिलेंडर ब्लास्ट का तांडव





वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** एक भीषण हादसे ने एक गरीब परिवार की खुशियां राख कर दी हैं। खुर्जा क्षेत्र के गांव अरनिया में घरेलू एलपीजी सिलेंडर फटने से ऐसा धमाका हुआ कि पूरा इलाका दहल उठा। देखते ही देखते हंसता-खेलता घर मलबे और राख के ढेर में तब्दील हो गया। तस्वीरें विचलित करने वाली हैं। धमाका इतना जोरदार था कि मकान की दीवारें तक ढह गईं। मकान स्वामी पिंटू, जो मजदूरी कर अपने परिवार का पेट पालता है, आज दाने-दाने को मोहताज हो गया है। सिलेंडर में आग लगते ही परिवार के सदस्यों ने सूझबूझ दिखाई और फौरन घर से बाहर भाग निकले, जिससे एक बड़ी जनहानि तो टल गई, लेकिन घर में रखा कुछ भी नहीं बच सका। 'ग्रामीणों की मदद से घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पा लिया गया, लेकिन तब तक सब कुछ खाक हो चुका था। पीड़ित परिवार के मुताबिक, घर में रखे कपड़े, राशन, एलईडी टीवी, सोने-चांदी के आभूषण और मेहनत की कमाई के नकद रुपए–सब कुछ आग की भेंट चढ़ गए हैं। करीब 5 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।' इस वक्त पीड़ित पिंटू और उसके परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। सिर छिपाने की छत छिन जाने के बाद अब यह परिवार प्रशासन से मदद और मुआवजे की गुहार लगा रहा है।

# गड्ढा मुक्त अभियान की खोली पोल कांग्रेस नेता ने उठाई आवाज अधिकारियों से की शिकायत

वेलकम इंडिया संवाददाता



**बुलंदशहर।** तकनीकी सलाहकार लखनऊ व अधीक्षण अभियंता प्रांतीय खंड बुलंदशहर से शिकायत के बाद भी अनूपशहर बुलंदशहर रोड पर हो रही गड्ढा मुक्ति बनते ही उखाड़ना शुरू। ठेकेदार व विभागीय अधिकारियों की मिली भगत से धन के बंदरबांट की ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने अधीक्षण अभियंता बुलंदशहर से की शिकायत। बुलंदशहर रविवार को मंडल अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मेरठ/जिला कोऑर्डिनेटर कांग्रेस ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड बुलंदशहर के अधिशासी अभियंता की पिछले दिनों लखनऊ में लोक निर्माण विभाग के मुख्यालय में मुख्यमंत्री के तकनीकी सलाहकार वी के सिंह से मिलकर जनपद बुलंदशहर में अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग द्वारा गद्दा मुक्ति के नाम पर ठेकेदारों के माध्यम से मिलकर घोटाले का आरोप लगाया था। जिस पर तकनीकी सलाहकार वी के सिंह द्वारा अधीक्षण अभियंता बुलंदशहर को फोन कर मामले की जांच कर गंभीरता से कार्रवाई के निर्देश दिए थे। तथा ज्ञानेंद्र सिंह राघव द्वारा भी अधीक्षण अभियंता से मिलकर जनपद में हो रही गड्ढा मुक्तियों में खेल की जानकारी दी गई थी। लेकिन वर्तमान में अनूपशहर बुलंदशहर रोड पर सहकारी नगर के निकट से शिवाली के बीच शनिवार को भरे जा रहे गड्ढों में बिना तारकोल के ही रोड़ी डालकर खाना पूर्ति करने तथा गड्ढा मुक्ति होने के साथ ही उनके गड्ढे में परिवर्तित होने की शिकायत ज्ञानेंद्र राघव द्वारा लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधीक्षण अभियंता प्रांतीय खंड को फोटो, वीडियो भेज कर अभिलंब जांच के साथ-साथ अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग द्वारा अनूपशहर बुलंदशहर रोड के गड्ढा मुक्ति पर कार्रवाई न करने तथा जनपद में हो रहे गड्ढा मुक्ति के नाम पर घोटाले के आरोपों की जांच कर विभाग के अधिकारियों व ठेकेदारों की गठजोड़ पर कार्रवाई करने की मांग की।

## अटल पार्क में गूँजी नन्हीं गौरैया की चहचहाहट: 'गौरैया प्रहरी' बनेंगे हापुड़ के स्कूली बच्चे







वेलकम इंडिया संवाददाता

**हापुड़।** जिलाधिकारी हापुड़ के कुशल निर्देशन में रविवार को स्थानीय अटल पार्क में प्रकृति संरक्षण की दिशा में एक अनूठी पहल का शुभारंभ हुआ। विलुप्त होती गौरैया को बचाने के संकल्प के साथ पिछले 8 वर्षों से निरंतर सक्रिय 'गौरैया की उड़ान' टीम द्वारा कक्षा 6 से 10 तक के छात्र-छात्राओं के लिए कृत्रिम घोंसला निर्माण कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) हिमांशु गौतम ने बच्चों को प्रकृति संरक्षण में गौरैया के पारिस्थितिक महत्व के विषय में विस्तार से बताया।

उन्होंने बच्चों को इन कृत्रिम घरों को अपने घरों में लगाने के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें 'गौरैया प्रहरी' बनने पर बधाई दी। उन्होंने टीम 'गौरैया की उड़ान' के आठ वर्षों के निस्वार्थ प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी में पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व की भावना जागृत होगी। साथ ही, जिला विद्यालय निरीक्षक ने कार्यशाला का प्रभावी मार्गदर्शन किया और बच्चों के उत्साह की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

### प्रतिभागी विद्यालय एवं आगामी योजना

आज के प्रथम सत्र में हापुड़ के प्रमुख शिक्षण संस्थानों के छात्रों व शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। जिनमें मुख्य रूप से शामिल रहे: दीवान पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, एसएसबी इंटर कॉलेज, विजेंद्र इंटर कॉलेज यह कार्यशाला 22 मार्च से 26 मार्च 2026 तक प्रतिदिन आयोजित की जाएगी, जिसमें हर रोज विभिन्न विद्यालयों के लगभग 200 बच्चों को गौरैया के लिए सुरक्षित आश्रय बनाना सिखाया जाएगा। जिलाधिकारी महोदय के मार्गदर्शन ने इस अभियान को एक नई 'उड़ान' और व्यापकता प्रदान की है।

# वाल्मीकि श्मशान घाट पर पहुंचने का रास्ता ही नहीं

वेलकम इंडिया संवाददाता






**औरंगाबाद (बुलंदशहर)।** नगर पंचायत औरंगाबाद में वाल्मीकि समाज के लोगों को अपने मृत परिजनों की अर्थी खेतों की मेड़ और बरहा में होकर श्मशान घाट पर ले जाने के लिए बाध्य होना पड़ता है। ऐसा इसलिए करना पड़ता है क्योंकि श्मशान घाट तक पहुंचने के लिए कोई रास्ता ही नहीं बनाया गया है। वाल्मीकि समाज के लोगों में काफी रोष व्याप्त है लेकिन उनकी व्यथा कोई सुनने वाला नहीं।ना कोई विधायक ना कोई सांसद। और नगर पंचायत के सर्वेसवाओं की तो बात ही छोड़ दीजिए उन्हें जनता की कोई परवाह ही नहीं है। भाजपा सरकार में शासन प्रशासन जन सुविधाओं को बेहतर ढंग से मुहैया कराने के तमाम दावे करता नजर आ रहा है। क्षेत्रीय विधायक, और सांसद द्वारा भी तमाम क्षेत्र का चहुंमुखी विकास कराने के ढोल पूरी शिद्दत से पीटे जा रहे हैं लेकिन हकीकत इसके विपरीत है। कस्बा औरंगाबाद में वाल्मीकि समाज के श्मशान घाट का रास्ता इसका जीता जागता नमूना है। वाल्मीकि समाज का श्मशान घाट उबड़-खाबड़ है। साफ सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है। ना ही कोई चारदीवारी ना किसी के बैठने की कोई व्यवस्था। और तो और श्मशान घाट पहुंचने के लिए कोई रास्ता ही नहीं बनाया गया है। रास्ते के अभाव में वाल्मीकि समाज के लोग मृत परिजनों के अंतिम संस्कार के लिए लकड़ियां सिरों पर ढोकर ले जाते हैं। मृतक की अर्थी को खेतों की मेड़, बरहा, उबड खाबड़ राह से होकर गुजरना पड़ता है। मृतक के परिजनों को कितनी परेशानी का सामना करना पड़ता है यह कोई भुक्तभोगी ही भली प्रकार समझ सकता है। ऐसा नहीं है कि वाल्मीकि समाज के लोगों ने श्मशान घाट पर पर पहुंचने के लिए रास्ता बनवाने की मांग ना की हो। हर चुनाव से पूर्व रास्ता बनवाने का आश्वासन दिया जाता है।

## सेमरियावां क्षेत्र पंचायत की बैठक 25 मार्च को ब्लाक सभागार में 16 बिंदुओं पर होगी चर्चा

मोहम्मद अहमद



**सेमरियावां (वेलकम इंडिया)।** सेमरियावां क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लाक प्रमुख मजहरून्निसां की अध्यक्षता में आगामी 25 मार्च को अपराहन 12 बजे ब्लाक सभागार में होगी। उक्त जानकारी मुख्य कार्यपालक अधिकारी/ खंड विकास अधिकारी धर्मेश कुमार पाण्डेय ने दी है। उन्होंने बताया कि बैठक में 16 बिंदुओं पर विचार किया जाएगा।

## मुस्कान, रोशनी और प्रतिभा ने हिंदुस्तान ओलम्पियाड में जिला टापर लिस्ट में

संतकबीरनगर (**वेलकम इंडिया**)। विकास खंड सेमरियावां के एएच एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा की इंटरमीडिएट की छात्रा मुस्कान, रोशनी और प्रतिभा ने हिंदुस्तान ओलम्पियाड की परीक्षा में जिला में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किये हैं। विद्यालय की प्रबंधक शकीला खातून, प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी, मोहम्मद इश्तियाक अंसारी, फसीहुद्दीन, मोहम्मद यूनुस, मोहम्मद शाहिद, कमरे आलम सिद्दीकी, अब्दुस्सलाम, ओबैदुल्लाह, जुबेर अहमद, मुहम्मद परवेज अख्तर, ओजैर अहमद, जुनेद अहमद, अखिलेश कुमारी, हकीमुल्लाह, मोहम्मद जाहिद, सबीह अहमद, असादुल्लाह, रफी अहमद अंसारी आदि ने बधाई दिए हैं।

# संतकबीरनगर पुलिस ने 03 अदद सागौन का पेड़ काटकर चोरी कर लेने के मामले में 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद जय प्रकाश दुबे के नेतृत्व में उ0नि0 विनोद कुमार यादव, उ0नि0 अशोक कुमार दूबे चौकी प्रभारी कलेक्ट्रेट, हे0का0 रविशंकर श्रीवास्तव, का0 अरुण कुमार, का0 राजन यादव, का0 सुनील पाल, का0 जनार्दन का0 विशाल सिंह,उ0नि0 अभिमन्यु सिंह प्रभारी सर्विलांस सेल सर्विलांस सेल, का0 ज्ञानसिंह, एसओजी कर्मचारी आरक्षी शुभम सिंह ने 03 अदद सागौन का पेड़ काटकर चोरी कर लेने की घटना में संलिप्त 03 अभियुक्तों कृष्ण मोहन पुत्र रमाशंकर निषाद निवासी शिवपुर पड़रही थाना रुद्रपुर जनपद देवरिया, घनश्याम प्रजापति पुत्र स्व0 रामहरख पुत्र जंगल रामलखना थाना खोराबार जनपद गोरखपुर, जितेन्द्र पासवान पुत्र स्व0 ज्ञानी पासवान निवासी जयपुर थाना खोराबार जनपद गोरखपुर को दिनाँक 21.03.2026 को मगहर के संतकबीर आश्रम जाने वाले तिराहे के पास से घटना में प्रयुक्त एक अदद पिकअप बोलेरो व एक अदद जाइलो कार के साथ गिरफ्तार किया गया तथा चोरी के 12 बोटा सागौन की लकड़ी, एक अदद फेटा (आरा) व एक अदद रस्सा जनपद देवरिया से बरामद किया गया। दिनांक 19.03.2026 को थाना कोतवाली खलीलाबाद पर श्री अब्दुल अलीम पुत्र लियाकत अली निवासी गड़सरपार थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि दिनाँक 10/11.03.2026 की रात्रि में उनके खेत में लगे 02 अदद सौगान व खेत के बगल में स्थित समसुद्दीन के खेत से 01 अदद सौगान (कुल 03 अदद सौगान) अज्ञात व्यक्तियों द्वारा काटकर चोरी कर लिया गया है, जानकारी करने पर ज्ञात हुआ है कि एक पिकअप PB 65 BK 2532 से लकड़ी लादकर कुछ लोग मंझरिया की तरफ गये है। उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 179/2026 धारा 303(2), 324(4) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस को बढोत्तरी किया गया है। गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों से पूछताछ की गयी तो बताये कि दिनांक 10.03.2026 को घनश्याम प्रजापति व कृष्ण मोहन निषाद दोनो लोग आये थे और रेकी करने पर ग्राम गड़सरपार के सुनसान खेत मे तीन अदद सागौन के अच्छे पेड़ दिखाई दिया, जिसको टारगेट करके रात्रि मे हम दोनो के साथ पिकअप बोलेरो नम्बर PB65BK2532 वाहन मालिक व चालक जितेन्द्र पासवान पुत्र स्व0 ज्ञानी पासवान निवासी जयपुर थाना खोराबार जनपद गोरखपुर अपने एक साथी के साथ गाड़ी से आये और रात्रि मे तीनों पेड़ काट कर बोटा तैयार करके उसी पिकअप पर लाद कर ले जाकर देवरिया मे आई.टी.आई. के सामने सड़क के किनारे ही एक स्थान पर सभी बोटो (टुकड़ो) को छुपा दिये है। आज भी हम लोग इस गाड़ी से रेकी करने जा रहे थे।

### अभियुक्त कृष्ण मोहन का अपराधिक इतिहास

- मु0अ0स0– 90/2024 धारा 3/25 A.Act व 307/34/379/427 भादवि व 4 वन संरक्षण अधिनियम 1980 थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर ।
- मु0अ0स0 – 386/2022 धारा 41/411/414 भादवि थाना झगहा जनपद गोरखपुर ।
- मु0अ0स0– 511/2022 धारा 342/379/411 भादवि थाना झगहा जनपद गोरखपुर ।
- मु0अ0स0 544/2025 धारा 303(2) भा0न्या0सं0 व 26/41/42 भारतीय वन अधि0 1927 थाना खोराबार जनपद गोरखपुर ।
- मु0अ0स0 281/2017 धारा 342/379 भादवि व 26 वन संरक्षण अधिनियम 1980 थाना झगहा जनपद गोरखपुर ।
- 82/2025 धारा 132/281/303(2)/324(5) भा0न्या0सं0 व 26 भारतीय वन अधि0 1927 थाना झगहा जनपद गोरखपुर ।
- मु0अ0स0 143/2019 धारा 3/25 A.Act थाना हाटा जनपद कुशीनगर।
- मु0अ0स0 62/2026 धारा 324(4)/351(3)/352 भा0न्या0सं0 थाना कोतवाली पड़रौना जनपद कुशीनगर ।
- मु0अ0स0 156/2021 धारा 307/379/411 भादवि व 10/4 उ0प्र0 ग्रामीण एवं पर्वतीय क्षेत्रो मे वृक्षो का संरक्षण अधि0 1976 थाना भलुअनी जनपद देवरिया ।
- मु0अ0स0– 06/2023 धारा 3(1) उ0प्र0 गैगेस्टर एक्ट थाना रूद्रपुर जनपद देवरिया ।

### अभियुक्त घनश्याम का अपराधिक इतिहास

- मु0अ0स0 97/2016 धारा 138(b) भारतीय विद्युत अधि0 2003 थाना खोराबार जनपद गोरखपुर।
- मु0अ0स0 286/2016 धारा 307/379 भादवि व 26 भारतीय वन अधि0 थाना झगहा गोरखपुर ।
- मु0अ0स0 75/2022 धारा 189/353/504/506 भादवि थाना खोराबार जनपद गोरखपुर ।
- मु0अ0स0 137/2024 धारा 376/384/504/506 भादवि व 67 IT Act थाना खोराबार गोरखपुर।

# नाबालिक छात्रा को परेशान करने एवं धमकी देने वाले को परतापुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

उज्जवल रस्तौगी



**मेरठ(वेलकम इंडिया)।** मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश अनुसार अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रचलित अभियान में क्षेत्राधिकार ब्रह्मपुरी के कुशल नेतृत्व में थाना परतापुर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से एक नाबालिक छात्रा से जान पहचान कर नाबालिक छात्रा को परेशान करने अश्लील टिप्पणी करने एवं छेड़छाड़ करने के बाद धमकी देने वाले अभियुक्त सोहेल खान पुत्र निजामुद्दीन उर्फ निजाम निवासी जमा मस्जिद 246 पलवल हरियाणा को गिरफ्तार किया गया जिसके विरुद्ध रिझानी निवासी नाबालिक छात्रा की तहरीर देने के बाद गिरफ्तार किया गया जिसमें अभियुक्त सोहेल कक्षा 8 की 14 वर्षीय छात्रा को लगातार परेशान कर रहा था।

अभियुक्त द्वारा अश्लील कमेंट करने के साथ-साथ पीड़िता एवं उसके परिजनों को धमकी भी दी गई यदि वह उससे मिलने नहीं आई तो बदनाम उसको बदनाम कर देगा पीड़िता द्वारा विरोध करने पर अभियुक्त द्वारा गाली गलौज मारपीट कर एवं जान से मारने की धमकी दी गई अभियुक्त को परतापुर तिराहे से गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

आपको बता दें कि 14 वर्षीय नाबालिक छात्रा जो की कक्षा 8 की छात्रा है जिसकी सोशल मीडिया के माध्यम से एक लड़के से जान पहचान थी जो उसको लगातार परेशान कर रहा था 21 मार्च 2026 को सोहेल खान ने धमकी दी थी कि मुझसे मिलने परतापुर बाईपास पर आओ नहीं तो तुम्हें बदनाम कर दूंगा जब लड़की परेशान होकर अपनी माता को लेकर परतापुर बायपास पहुंची तो अभियुक्त इनको देखकर आग बबूला हो गया और गाली गलौज करने लगा साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी और लड़की की माता से हाथापाई तक कर डाली साथ ही पीड़िता के साथ अश्लीलता करते हुए छेड़छाड़ की अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में अजय शुक्ला थाना अध्यक्ष परतापुर उप निरीक्षक राघव रंजन उप निरीक्षक विकास सिंह हेड कांस्टेबल देवेंद्र सिंह रहे।

# महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

वेलकम इंडिया संवाददाता

**अहमदगढ़(बुलंदशहर)।** महिला से घर में घुसकर गाली गलौज और नंगा होकर छेड़छाड़ का प्रयास करने पर पड़ोसी युवक पर महिला ने कराई रिपोर्ट दर्ज।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव ढक नगला में एक महिला के साथ उसके पड़ोसी द्वारा छेड़छाड़ का प्रयास एवं गाली गलौज करने का महिला ने लगाया आरोप महिला ने बताया है कि मेरे मेरे पति कहीं बाहर प्राइवेट नौकरी करते हैं मैं घर में अकेली थी।

मौका पाकर मेरा पड़ोसी



सीताराम कश्यप पुत्र कल्याण सिंह

नंगा होकर घर में घुस आया और मेरे साथ गाली गलौज छेड़छाड़ का प्रयास करने लगा मेरी चीख पुकार सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे यह सब देखकर पड़ोसी युवक छत के रास्ते फरार हो गया।

मैंने पुलिस को नामजद प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

उधर इस संबंध में अहमदगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया है कि आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

## मां अवंतिका देवी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने चतुर्थ नवरात्रि को मैया के दर्शन कर मांगी मनौती



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** अहार क्षेत्र में रविवार को मां अवंतिका देवी मंदिर परिसर श्रद्धालुओं ने चतुर्थ नवरात्रि को मैया के दर्शन कर मनौती मांगी। दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा।मंदिर कमेटी के तत्वावधान में आयोजित नवरात्रि मेला में भीड़ उमड़ पड़ी है। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। महिलाओं की टोलियां भक्ति गीत गाते हुए मां अवंतिका देवी मंदिर पहुंची।

वहां पर विधिवत पूजा अर्चना कर मनौती मांगी। थाना प्रभारी निरीक्षक भुवनेश कुमार सिंह ने बताया कि मेला क्षेत्र में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात की गई है। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। मेला परिसर में जगह जगह भंडारा आयोजित किया जा रहा है। रोजाना श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

# बी.के. पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्र समारोह का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया संवाददाता



**जहांगीराबाद।** नगर के बिन्नेर देवी रोड स्थित बी.के. पब्लिक स्कूल में रविवार को 'अनुकरणीय उपलब्धि समारोह' (Exemplary Achievement Ceremony) का अत्यंत गौरवमयी और भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह का उद्देश्य विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों की प्रतिभा को सराहना और उन्हें भविष्य के लिए प्रोत्साहित करना था। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यार्णव शर्मा (सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक), विशिष्ट अतिथि डॉ. पूनम शर्मा (विख्यात शिक्षाविद् एवं लेखिका), विद्यालय के मैनेजर नरेंद्र शर्मा, निदेशक ललित शर्मा और प्रधानाचार्या डॉ. रीता शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ.रीता शर्मा ने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने न केवल वर्तमान छात्रों की सफलता का विवरण साझा किया, बल्कि विद्यालय के पुरातन विद्यार्थियों (Alumni) की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला, जो आज विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। समारोह के दौरान विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों के लिए पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर छात्रों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया और उपस्थित जनसमूह की खूब तालियां बटोरीं।मुख्य अतिथि विद्यार्णव शर्मा ने विद्यार्थियों को अनुशासन का महत्व समझाते हुए निरंतर परिश्रम करने की सीख दी। वहीं डॉ.पूनम शर्मा ने सकारात्मक सोच को सफलता की कुंजी बताया और विद्यालय के शैक्षणिक स्तर की सराहना की। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्या ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। समारोह के अंत में विद्यालय प्रशासन की ओर से सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए उत्तम भोजन (प्रीति भोज) की व्यवस्था की गई, जिसका सभी ने आनंद लिया।

## 'मिशन शक्ति फेज 5.0' के अन्तर्गत थाना खुर्जा नगर मिशन शक्ति टीम द्वारा गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद कर मोबाइल स्वामी को सुपुर्द किया गया



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** रविवार को भोपाल (मध्यप्रदेश) निवासी एक महिला के खुर्जा नगर रोड़वेज बस अड्डे पर बस से उतरते समय उसका मोबाइल (OPPO E-31) बस में रह गया था जिसकी सूचना महिला द्वारा थाना खुर्जा नगर पर मिशन शक्ति टीम को दी गयी। शासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान 'मिशन शक्ति फेज 5.0' के अन्तर्गत एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में थाना खुर्जा नगर मिशन शक्ति टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए मोबाइल की लोकेशन प्राप्त कर एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर गुम हुए मोबाइल को बरामद कर महिला को सुपुर्द किया गया। महिला द्वारा गुम हुआ मोबाइल पाकर खुर्जा नगर पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।पुलिस टीम में धर्मेन्द्र कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना खुर्जा नगर राजेश कुमार प्रभारी निरीक्षक मिशन शक्ति टीम म0उ0नि0 अंजू, का0 डालचन्द,म0का0 राखी शामिल रहे।

# नाबालिग किशोरी के अपहरण का असफल प्रयास

वेलकम इंडिया संवाददाता





**बुगरासी।** थाना नरसेना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी के अपहरण का असफल प्रयास किया गया। ग्रामीणों की सतर्कता के चलते किशोरी को बचा लिया गया। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह 9 बजे पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर में बताया है कि एक मुस्लिम युवक ने अपनी पहचान छिपाकर उसे अपने प्रेमजाल में फंसाया।युवक की असली पहचान होने पर किशोरी ने उससे दूरी बना ली लेकिन रविवार को सुबह किशोरी अपने घर से कोचिंग के लिए जा रही थी लेकिन पहले से घात लगाकर रास्ते में बैठा आदिल व उसका दोस्त महताब ने किशोरी को बहला फुसलाकर अपनी बाईक पर बैठाकर ले जाने लगे किशोरी का शोर सुनकर ग्रामीणों ने बाईक का पीछा कर उसे बचा लिया लेकिन मौके का फायदा उठाकर दोनों मौके से फरार हो गए।थाने पर कई घटा हंगामे के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। घटना से क्षेत्र में रोष है।एसओ नरसेना रामकिशोर गौतम ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर आरोपियों को पकडने के लिए भागदौड़ शुरू कर दी गई है।शीध्र ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## अवैध तमंचे के साथ एक गिरफ्तार



उज्जवल रस्तौगी

**मेरठ(वेलकम इंडिया)।** मेरठ के एसएसपी के आदेश अनुसार ईद के मद्दे नजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर परतापुर श्मशान घाट के पास एक व्यक्ति को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया गया जिसका नाम शनि पुत्र रतन सिंह निवासी झोड़ वाली गली रिठानी थाना परतापुर उम्र करीब 30 साल बताई जा रही है अभियुक्त के कब्जे से एक 315 बोर का देसी तमंचा बरामद किया गया गिरफ्तारी के बाद मुकदमा सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करने के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया थाना परतापुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई लगातार जारी है पूछताछ में अभियुक्त शनि ने जो की एक शातिर किस्म का अपराधी है बताया कि उसने यह तमंचा एक चलते फिरते व्यक्ति से अपनी सेफ्टी के लिए खरीदा है अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना अध्यक्ष परतापुर अजय शुक्ला उप निरीक्षक राजकुमार उप निरीक्षक विकास सिंह एवं हेड कांस्टेबल देवेंद्र सिंह रहे।

## हत्या के इरादे से अपहरण कराने की योजना में संलिप्त 02 अभियुक्त (01 पुरुष व 01 महिला) गिरफ्तार

वेलकम इंडिया संवाददाता



**खुर्जा(बुलंदशहर)।** वादी सनी पुत्र सतीश निवासी चन्द्रलोक कालोनी कस्बा व थाना खुर्जा नगर पर तहरीर दी कि उसके पिता सतीश को आरोपी बब्लू कश्यप पुत्र राधेश्याम निवासी बाबा कालोनी गांधी पार्क जनपद अलीगढ अपने साथ राजमिस्त्री का काम कराने के लिये ले गया था लेकिन उसके पिता वापस नही आये । इस सम्बन्ध मे प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना खुर्जा नगर पर मुअसं- 197/26 धारा 140(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया है ।

उक्त घटना के क्रम में रविवार को थाना खुर्जा नगर पुलिस टीम द्वारा घटना में प्रकाश में आये 02 अभियुक्त(01 पुरूष व 01 महिला) को गिरफ्तार किया गया हैं।गिरफ्तार अभियुक्तो का नाम सतेन्द्र पुत्र गजराज निवासी ग्राम मलकपुर थाना अनूपशहर स्वेता शर्मा पत्नी विनीत शर्मा निवासी अम्बे कॉलोनी मदन पैलेस के सामाने थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ।

(स्थायी पता- ग्राम दतावली थाना बरला जनपद अलीगढ) घटना का विवरण- वादी के पिता सतीश व अभियुक्त सतेन्द्र के मध्य गांव मलकपुर मे स्थित जमीन को लेकर विवाद चल रहा है, इसी बात को लेकर अभियुक्त सतेन्द्र ने अपनी परिचित अभियुक्ता स्वेता शर्मा उपरोक्त व जनपद अलीगढ निवासी अभियुक्त बब्लू कश्यप के साथ मिलकर वादी के पिता सतीश को हत्या कराने की योजना बनाई । अभियुक्त सतेन्द्र व अभियुक्त बब्लू कश्यप पूर्व में दोनो एक साथ जेल में रह चुके हैं। योजनानुसार दिनांक 10-03-2026 व अभियुक्त बब्लू कश्यप, अभियुक्ता स्वेता शर्मा की गाडी में वादी के पिता सतीश को अपने साथ राज मिस्त्री का काम कराने के बहाने ले गया था। वादी के पिता सतीश व अभियुक्त बब्लू कश्यप की गिरफ्तारी हेतु टीमें गठित कर लगातार तलाश की जा रही हैं।

## 7 साल की बच्ची से रेप की कोशिश

**शिकारपुर(वेलकम इंडिया)।** नगर के एक मौहल्ला में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जहां एक पड़ोसी युवक ने 7 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुराचार का प्रयास किया है। आरोपी मासूम को बहला फैसला कर अपने घर बुला कर ले गया और उसके साथ गलत हरकत करने का प्रयास किया। पीड़िता के पिता ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया है कि मासूम कि चीख – पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी युवक लोगों को आता देख मासूम को छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। उधर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम ने बताया कि पीड़िता के पिता के द्वारा शिकायती पत्र मिला है। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी जा रही हैं। आरोपी जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

## मारपीट का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**गुलावठी(वेलकम इंडिया)।** ग्राम भमरा निवासी रहीमुदीन पुत्र रहीसुदीन ने तीन लोगों पर उसके भाई के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज कराई रिपोर्ट में रहीमुद्दीन ने बताया कि उसका भाई अमीरूदीन घर के बाहर मस्जिद के पास खडा था। तभी पडोस में रहने वाले सुहेल पुत्र अनवर, उसका भाई सुहेब तथा उसके पिता अनवर पुत्र शफीक ने उसके भाई से कहा कि यहां मत खडे हो। उसके भाई ने इस बात का विरोध किया गया तो तीनों ने गाली गलौच करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## डंडा मारकर सिर फोड़ने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**गुलावठी(वेलकम इंडिया)।** ग्राम हुसैनपुर निवासी सरफराज पुत्र हुसैन अली ने गांव के ही एक व्यक्ति पर डंडा मारकर उसके भाई का सिर फोड़ने का आरोप लगाया है। सरफराज ने बताया कि उसके भाई तहसीन अली को देखकर गाँव के ही रहने वाले मुनासिफ उर्फ जुल्फी पुत्र हनीफ ने गाली गलौच करनी शुरू कर दी। जब उसके भाई तहसीन ने इसका विरोध किया तो मुनासिफ जुल्फी ने डंडा मारकर उसके भाई का फोड़ फोड़ दिया। जिससे वह घायल हो गया। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। इसके बाद उन्होंने अपने भाई को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी है।

# नाबालिक किशोरी को अगवा करने वाले दोनों युवक गिरफ्तार

वेलकम इंडिया संवाददाता



**स्याना।** थाना नरसेना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी के अपहरण का प्रयास किया गया। यूनिसपुर गांव के पास दो गैर समुदाय के युवकों ने नाबालिक किशोरी को अगवा करने की कोशिश की गई लेकिन ग्रामीणों की सतर्कता ने उसे बचा लिया गया। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार नाबालिक किशोरी को एक समुदाय के युवक ने अपनी पहचान छिपाकर प्रेम जाल में फंसाया था।

आरोप है कि युवक ने नाबालिक किशोरी का शारीरिक शोषण भी किया। जब नाबालिक किशोरी को युवक की असली पहचान पता चली, तो उसने उससे दूरी बना ली थी। जब नाबालिक किशोरी अपने घर से कोचिंग के लिए जा रही थी, तो आदिल और उसका दोस्त महताब रास्ते में घात लगाकर उसका इंतजार कर रहे थे। नाबालिक किशोरी के पास आते ही, उन्होंने उसे बहला-फुसलाकर अपनी बाइक पर बैठा लिया और उसे ले जाने लगे। नाबालिक किशोरी को जब उनकी नीयत पर शक हुआ, तो उसने बाइक से उतरने को कहा। इस पर युवकों ने बाइक और तेज कर दी। नाबालिक किशोरी की आवाज सुनकर वहां मौजूद कुछ लोगों ने उनका पीछा किया, बाइक रुकवाई और नाबालिक किशोरी को सुरक्षित बचा लिया। भीड़ का फायदा उठाकर दोनों युवक मौके से फरार हो गए। थाने में करीब छह से सात घंटे तक चले हंगामे के बाद पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना को लेकर आसपास के क्षेत्र में रोष का माहौल है।नरसेना थाना प्रभारी रामकिशोर गौतम ने बताया। कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

अपहरण का प्रयासः नाबालिक किशोरी को जबरन बाइक पर बैठाकर ले जाने की कोशिश की गई।

## पूर्व विधायक विमला सोलंकी ने हरिओम डागर को भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष बनाये जाने पर शुभकामनायें दी



वेलकम इंडिया संवाददाता

**गुलावठी।** सिकन्द्राबाद विधानसभा से पूर्व विधायक विमला सोलंकी ने हरिओम डागर को भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष बनाये जाने पर उनके आवास पर जाकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनायें दी।

पूर्व विधायक विमला सोलंकी ने कहा कि हरिओम डागर भाजपा की नीतियों का जन जन तक प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास और सबको रोजगार के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के नौ वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों को देखकर विपक्ष भी हैरान है। भाजपा तुष्टिकरण की नहीं, बल्कि विकास की राजनीति करती है, यही कारण है कि पिछले वर्षों में प्रदेश में शांति व्यवस्था कायम रही है। भाजपा का लक्ष्य विकसित भारत का निर्माण करना है और सरकार किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं तथा दिव्यांगों के हित में कार्य कर रही है। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख किरनपाल सिंह तेवतिया, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष राजीव सैनी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अनिल सिंहल, नगर ब्रहमण सभा के अध्यक्ष त्रिलोकचंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सेवा का संकल्प और श्री श्याम सेना ट्रस्ट का बढ़ता परिवार

## सोनम शर्मा को मोदीनगर नगर प्रभारी की मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** श्री श्याम सेना ट्रस्ट की एक आवश्यक बैठक आज तिबड़ा रोड स्थित सोनम शर्मा के निवास स्थान पर अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित की गई।इस बैठक में संगठन की मजबूती और भविष्य की कार्य योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत में मैं सोनम शर्मा जी ने ट्रस्ट के संरक्षक पंडित हरेंद्र शर्मा और राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज गुप्ता सहित सभी वरिष्ठ ट्रस्टियों का फूल-मालाएं पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। बैठक के दौरान संगठन के विस्तार पर जोर देते हुए एक महत्वपूर्ण घोषणा की गई। श्री श्याम सेना ट्रस्ट के परिवार को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से, संस्था के अध्यक्ष ने सोनम शर्मा की सक्रियता और समर्पण को देखते हुए उन्हें मोदीनगर का 'नगर प्रभारी' नियुक्त किया। नवनियुक्त नगर प्रभारी सोनम शर्मा को जिम्मेदारी सौंपते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज गुप्ता ने भरोसा जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन मोदीनगर क्षेत्र में सेवा और धर्म के कार्यों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

इस घोषणा के बाद बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया और सोनम शर्मा को माला पहनाकर व बधाई देकर उनका उत्साहवर्धन किया। संस्था के संरक्षक पंडित हरेंद्र शर्मा राष्ट्रीय महासचिव महक सिंह,कोषाध्यक्ष दीपक शर्मा व सहसचिव प्रफुल अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा की आज तिबड़ा रोड पर आयोजित इस पावन बैठक में उपस्थित सभी श्याम प्रेमियों और ट्रस्ट के कर्मठ साथियों का मैं अभिनंदन करता हूँ। किसी भी संस्था की नींव उसके संस्कारों और निस्वार्थ सेवा भाव पर टिकी होती है। श्री श्याम सेना ट्रस्ट का उद्देश्य केवल पद बांटना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक बाबा श्याम की कृपा और सहायता पहुँचाना है। आज हमने सोनम शर्मा को जो 'नगर प्रभारी' की जिम्मेदारी सौंपी है, वह केवल एक पद नहीं, बल्कि सेवा का एक संकल्प है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि सोनम के नेतृत्व में मोदीनगर में हमारे सेवा कार्यों को एक नई ऊर्जा मिलेगी।

संस्था ने नवनियुक्त नगर प्रभारी,मोदीनगर सोनम शर्मा जी ने अपने उद्बोधन में कहा की सबसे पहले मैं हमारे मार्गदर्शक और ट्रस्ट के संरक्षक श्रद्धेय पंडित हरेंद्र शर्मा एवं हमारे यशस्वी राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज गुप्ता का हृदय से आभार प्रकट करता हूँ। आप सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मुझ पर जो अटूट विश्वास दिखाया है और मुझे 'नगर प्रभारी, मोदीनगर' जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसके लिए मैं आप सबका अत्यंत ऋणी हूँ। मैं आप सभी को यह पूर्ण आश्वासन दिलाता हूँ कि श्री श्याम सेना ट्रस्ट के सिद्धांतों और बाबा श्याम के सेवा मार्ग पर चलते हुए, मैं इस दायित्व को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाऊँगा। इस बैठक में मुख्य रूप से मोहनलाल गुप्ता,तरुण खुराना,किरणपाल गिरी,कपिल कुमार सिखेड़ा हजारी,प्रवीण भारद्वाज तिबड़ा,रश्मि शर्मा ,अवंतिका शर्मा कृति शर्मा,मुनेश,आरती सहित अन्य कई कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# पतला देहात में अंगीकरण कार्यक्रम आयोजित किया



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** कृभको द्वारा बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी-पैक्स) पतला देहात में समिति अंगीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के सभापति प्रमोद कुमार द्वारा की गई।

कृभको द्वारा समिति को एक मेज,एक रिवोल्विंग कुर्सी व चार अन्य कुर्सियां निशुल्क प्रदान की गई। सामोह के प्रबंध निदेशक ओमवीर सिंह द्वारा कृभको की भूरी भूरी प्रशंसा की गई।

उप प्रबंधक कृभको श्री सत्यवीर सिंह ने उपस्थित किसानों को कृभको के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं किसानों से आवाहन किया गया कि मृदा परीक्षण के आधार पर समर्पित पोषक तत्वों का संतुलित मात्रा में प्रयोग करें।

# मुरादनगर में एन सी सी -ए प्रमाण पत्र परीक्षा संपन्न



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** 35 यू पी बटालियन एन सी सी के तत्वावधान में एन सी सी-ए प्रमाण पत्र की परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में विभिन्न विद्यालयों के एन सी सी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। परीक्षा के अंतर्गत लिखित परीक्षा के साथ-साथ ड्रिल टेस्ट, शस्त्र प्रशिक्षण, मैप रीडिंग, युद्ध क्षेत्र एवं मैदानी क्षेत्र से संबंधित ज्ञान का परीक्षण भी किया गया। इसके उपरांत प्रायोगिक परीक्षाएं भी आयोजित की गईं।

परीक्षा से पूर्व 35 यूपी एन सी सी बटालियन, मोदीनगर के कमान अधिकारी कर्नल पी.के. सिंह ने सभी कैडेट्स का निरीक्षण किया तथा अपने संबोधन में एन सी सी के महत्व, लाभ एवं सेना में करियर के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि एन सी सी कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं राष्ट्र सेवा की भावना का विकास होता है, जो उन्हें एक सशक्त नागरिक बनाता है।

इस परीक्षा में श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर के 22 एनसीसी कैडेट, केंद्रीय विद्यालय मुरादनगर के 23, एवं जवाहर नवोदय विद्यालय कलछीना के 23 एनसीसी कैडेट ने प्रतिभाग किया,। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, 35 बटालियन मोदीनगर के कमान अधिकारी कर्नल पी.के. सिंह, एन०सी०सी० ऑफिसर डॉ० अमित कुमार, एनसीसी ऑफिसर अनुराग गुप्ता, रंजेश गुप्ता ,सूबेदार सूर्यमान धाले, हवलदार देवेंद्र सिंह, हवलदार अरविंद दीक्षित, जी.सी.आई. सोनिया, विनय कुमार, चंद्रवीर सिंह, जोगेंद्र सिंह, आशुतोष आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्कूल से लापता हुई 15 वर्षीय छात्रा

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** मसूरी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के लापता होने का मामला सामने आने से इलाके में हड़कंप मच गया है। कक्षा 8 में पढने वाली 15 वर्षीय छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में स्कूल से गायब हो गई, जिसके बाद परिजनों ने एक युवक पर उसे बहला–फुसलाकर ले जाने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मूल रूप से बुलंदशहर के एक गांव का रहने वाला परिवार वर्तमान में मसूरी के आकाश नगर में रह रहा है। पीड़ित परिवार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी हापुड़ रोड स्थित अंबेडकर स्कूल में कक्षा 8 की छात्रा है। मंगलवार, 17 मार्च को छात्रा का भाई उसे रोज की तरह स्कूल छोड़कर आया था, लेकिन छुट्टी के बाद वह घर वापस नहीं लौटी। छात्रा के देर तक घर न पहुंचने पर परिजनों की चिंता बढ़ गई और उन्होंने उसकी तलाश शुरू कर दी। काफी खोजबीन के बाद भी जब छात्रा का कोई सुराग नहीं मिला, तो परिवार को जानकारी मिली कि इन्द्रगढ़ी (हापुड़) निवासी एक युवक उसे अपने साथ ले गया है। इसके बाद परिजनों ने तुरंत पुलिस का रुख किया। पीड़ित भाई ने थाने में लिखित शिकायत देते हुए आरोपी युवक शिवम के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने और अपनी बहन की सकुशल बरामदगी की मांग की है। परिवार का कहना है कि उनकी बेटी को बहला–फुसलाकर ले जाया गया है और वे उसकी सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है और छात्रा की तलाश के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में एसीपी मसूरी लिपी नगायच ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपी शिवम के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि छात्रा की बरामदगी के लिए विशेष टीम गठित की गई है, जो लगातार तलाश में जुटी हुई है। छात्रा के मिलने के बाद नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से परिवार में दहशत और चिंता का माहौल है। स्थानीय लोगों ने भी इस मामले में पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की है, ताकि छात्रा को सुरक्षित वापस लाया जा सके और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सके।

# भूतपूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह का आयोजन,शहीद परिवारों को सम्मानित किया

अनिल वशिष्ठ




**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास गाजियाबाद द्वारा जनपद का भूतपूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह का आयोजन सैनिक कल्याण केंद्र परिसर गाजियाबाद में धूमधाम से आयोजित किया गया। जिसमें सैकडो पूर्व सैनिकों व शहीद परिवारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के संयोजक जिला सैनिक कल्याण अधिकारी व पूर्व सैनिक परिवार गाजियाबाद के अध्यक्ष एडवोकेट बी सी बंसल रहे। कार्यक्रम में मोदीनगर इकाई के पूर्व सैनिक जन कल्याण समिति के अध्यक्ष ब्लैक कैट कमांडो मनोज शर्मा व संयोजक लक्ष्मण सिंह राठी ने भी अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में शिरकत की व अपने विचार रखें।

समारोह में उपस्थित सभी शहीद परिवारों को सम्मानित किया गया व कार्यक्रम में उपस्थित परमवीर चक्र विजेता सूबेदार मेजर ऑनरेरी कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव ने उपस्थित होकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए उन्होंने सभी सैनिकों को समाज हित व राष्ट्रहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। मोदीनगर इकाई के अध्यक्ष ब्लैक कैट कमांडो मनोज शर्मा ने उन्हें जुलाई में मनाए जाने वाले कारगिल विजय दिवस में उनकी उपस्थिति के लिए निमंत्रण भी दिया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया । यह हम सभी मोदीनगर वासियों के लिए बहुत ही गर्व की बात होगी। विजय दिवस का विस्तृत कार्यक्रम आने वाले दिनों में अवगत करा दिया जाएगा। कार्यक्रम में मोदीनगर से कुंवर पाल सिंह ,बलराम सिंह, महेश शर्मा ,कैप्टन सोमपाल सिंह, मोदीनगर सैनिक महिला विंग की अध्यक्षा कविता आदि उपस्थित रहे।

# योग, संस्कृति और उल्लास के संग हुआ हिंदू नववर्ष 2083 का भव्य स्वागत



वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 के पावन अवसर पर गोविंदपुरम स्थित स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल में अखिल भारतीय ध्यान योग संस्थान (रजि.) के तत्वावधान में रविवार को एक भव्य योग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मानव स्वास्थ्य हमारा संकल्प की भावना के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में योग, भक्ति और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसमें 150 से अधिक साधक-साधिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ शेर सिंह, सविता अरोड़ा और अंजलि जैन द्वारा तिलक लगाकर साधकों के स्वागत से हुआ। इसके बाद संस्थान के संरक्षक डॉ. आर.के. पोद्दार ने की पवित्र ध्वनि और गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ योग सत्र की शुरूआत कराई। कार्यक्रम संयोजक संदीप रुहेला एवं ट्रस्टियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को विधिवत आगे बढ़ाया। योग सत्र के दौरान मास्टर बृजपाल ने साधकों को सूक्ष्म व्यायाम कराए, वहीं संस्थान के उपाध्यक्ष मनमोहन वोहरा ने प्रज्ञा प्राणायाम, दीर्घ श्वसन, विरेचन क्रिया, सुदर्शन भस्त्रिका और कपाल शोधन जैसी योग क्रियाओं का अभ्यास कराया। उन्होंने इन क्रियाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पडने वाले सकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन में रंग भर दिए। कुमारी शांभवी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मीता खन्ना की टीम द्वारा प्रस्तुत नववर्ष गीत और महेंद्र गिरधर के भक्ति गीत ने उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। संस्थान की बौद्धिक प्रमुख डॉ. मधु पोद्दार ने नव संवत्सर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होने वाला यह नववर्ष भारतीय संस्कृति का वास्तविक नववर्ष है। उन्होंने बताया कि यह सृष्टि के आरंभ से जुड़ा हुआ है और देश के विभिन्न प्रांतों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है, जो पूरे ब्रह्मांड के नवआरंभ का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के अध्यक्ष कृष्ण कुमार अरोड़ा ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने जानकारी दी कि संस्थान के साधक प्रदीप चौधरी को पार्षद नामित किए जाने पर पूरा संस्थान गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस अवसर पर उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार एवं भाजपा नेतृत्व का भी धन्यवाद ज्ञापित किया। अपने संबोधन में पार्षद प्रदीप चौधरी ने कहा कि यह दायित्व उनके वर्षों की सेवा का सम्मान है और वे इसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने समाज सेवा और संस्थान के कार्यों में सक्रिय रूप से जुड़े रहने का भी संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में अशोक शास्त्री और दयानंद शर्मा ने हास्य योग के माध्यम से सभी को हंसते-हंसाते हुए स्वास्थ्य और आनंद का संदेश दिया। मंच संचालन प्रदीप त्यागी द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया। अंत में कार्यक्रम संयोजक संदीप रुहेला ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस सफल आयोजन में शेर सिंह, ओमवीर सिंह, स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल, औषधि पार्क, चौधरी चरण सिंह पार्क और सिटी पार्क के साधकों का विशेष योगदान रहा। यह आयोजन न केवल नववर्ष के स्वागत का अवसर बना, बल्कि समाज को स्वास्थ्य, संस्कृति और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का प्रेरक संदेश भी दे गया।

# नवरात्र के चौथे दिन महामाया देवी मेले में मां के दर्शन के लिए श्रद्धालु जनों की भीड़ उमड़ी

## दिल्ली मेरठ मुख्य मार्ग पर दिन भर रही बनी रही जाम की स्थिति

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** निकटवर्ती गांव सीकरी खुर्द में चैत्रमास के नवरात्र पर शक्ति,भक्ति और श्रद्धा का प्रतीक महामाया देवी के मंदिर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। नवरात्र के चौथे दिन श्रद्धालुजनों की भीड़ के कारण दिल्ली मेरठ मुख्य मार्ग पर दिन भर जाम की स्थिति बनी रही। षष्टमी, सप्तमी और अष्टमी पर लाखों की संख्या में यहां श्रद्धालु महामाया देवी के दर्शन को आते हैं। चैत्र नवरात्रों पर महामाया देवी के मंदिर में दर्शन के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ही नहीं बल्कि राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली और दूसरे दूरदराज इलाकों से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। इस महामाया देवी मंदिर के बारे में कहते हैं कि यह पांच सौ वर्ष से भी अधिक प्राचीन है। यह एक प्रकार से सिद्ध पीठ है। कहते हैं कि जिस स्थान पर यह मंदिर है वहां गंव के ही एक भक्त जालिम गिरि को महामाया देवी ने साक्षात दर्शन दिए थे। इस चमत्कारी घटना के बाद यहां एक छोटा सा मंदिर बनाया गया जो कि आज विशाल और भव्य रूप ले चुका है।

मंदिर में देवी के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालु प्रसाद के रूप में नारियल, चुनरी, चबौनी और श्रृंगार का सामान चढ़ा मनौतियां मनाते है। किसी समय तक यहां आने वाले श्रद्धालुओं में गांव के लोगों की संख्या ही अधिक होती थी लेकिन पिछले तीन दशकों से देखने में आ रहा है कि यहां शहरी श्रद्धालुओं की संख्या हर साल बढ़ती ही जा रही है। अब पहले नवरात्र से यहां देवी के भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो जाती है। षष्टमी सप्तमी और अष्टमी को तो यहां आने वाले श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता है। इस दौरान पुलिस प्रशासन को व्यवस्था बनने में भारी मशक्कत करनी पड़ती है। यह महामाया देवी मंदिर जंग.ए.आजादी के इतिहास से भी जुड़ा है। मंदिर परिसर में एक विशाल वट वृक्ष है। कहते हैं कि अंग्रेजों ने 1857 में जंग ए आजादी में शामिल इस गंव के 131 युवाओं को इस वट वृक्ष पर लटकाकर फांसी दी थी। यहां आने वाले श्रद्धालु जहां मंदिर में प्रसाद चढ़ाते हैं वहीं अनेक श्रद्धालु इस वट वृक्ष पर कलावा आदि बांधकर उन शहीदों को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं और मनौतियां मनाते हैं।

यह गांव मोदीनगर नगर पालिका परिषद की सीमा क्षेत्र में आने के बाद मेले की व्यवस्था नगर पालिका परिषद देख रही है। इसके चेयरमैन विनोद वैशाली और अधिशासी अधिकारी नरेंद्र कुमार मिश्र मोदीनगर की एसडीएम अजीत कुमार सिंह के मार्गदर्शन में मेले की व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाले हुए हैं। इस बार चैत्र नवरात्र पर शुभारंभ भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया और पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली नेपूरे विधि विधान के साथ फीता काटकर किया।

# ऑडी कार और 20 लाख की मांग पर बहू को घर से निकाला

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** जिले में दहेज उत्पीडन का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां ससुराल पक्ष द्वारा ऑडी कार और 20 लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर में रखने से इनकार कर दिया गया। पीड़िता की शिकायत पर महिला थाने में पति सहित छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मसूरी क्षेत्र निवासी युवती की शादी 29 अप्रैल 2025 को बुलंदशहर निवासी युवक के साथ धूमधाम से हुई थी। पीड़िता के अनुसार, उसके पिता ने इस शादी में करीब 40 लाख रुपये खर्च किए थे और दहेज में टाटा पंच कार भी दी थी। इसके बावजूद ससुराल पहुंचते ही उसके साथ दहेज को लेकर ताने दिए जाने लगे। पीड़िता का आरोप है कि पति, सास–ससुर और जेठ–जेठानी ने उसे कम दहेज लाने के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और जल्द ही उससे ऑडी कार और 20 लाख रुपये नकद की मांग की जाने लगी। इतना ही नहीं, उसके सोने–चांदी के जेवर भी सास ने अपने पास रख लिए। जब उसने इसका विरोध किया तो उसे मानसिक रूप से परेशान किया गया और लगातार दबाव बनाया गया। घटना 13 जून को और गंभीर हो गई, जब पीड़िता का भाई उसे लेने ससुराल पहुंचा। आरोप है कि इस दौरान उसके भाई के साथ अभद्रता की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद से पीड़िता ससुराल वापस नहीं जा सकी और अपने मायके में रहने को मजबूर हो गई। पीड़िता ने बताया कि अक्टूबर माह में वह अपने परिजनों के साथ एक बार फिर ससुराल पहुंची, लेकिन वहां भी ससुराल पक्ष ने साफ तौर पर कह दिया कि जब तक दहेज की मांग पूरी नहीं होगी, तब तक उसे घर में नहीं रखा जाएगा। आरोप है कि इसके बाद ससुराल पक्ष के लोग घर को बंद कर कहीं चले गए, जिससे पीड़िता को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। लगातार हो रही प्रताडना और ससुराल में प्रवेश न मिलने से परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस आयुक्त से मामले की शिकायत की। आयुक्त के निर्देश पर महिला थाने में पति समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीडन और संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है। इस मामले में डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ जल्द ही सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह घटना एक बार फिर समाज में दहेज प्रथा जैसी कुरीति की गंभीरता को उजागर करती है, जहां भारी–भरकम खर्च और उपहार देने के बावजूद विवाहिता को प्रताडना झेलनी पड़ रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में सभी तथ्यों की जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके।

# मोदीनगर गैस घोटाला: डिलीवरी के नाम पर खेल, 99 सिलेंडर गायब-एजेंसी पर केस दर्ज

वेलकम इंडिया संवाददाता





**गाजियाबाद।** मोदीनगर क्षेत्र में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अनियमितताओं का एक बड़ा मामला सामने आया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर की गई जांच में धीरेन्द्र गैस सर्विस, जो कि मोदी मंदिर के सामने स्थित है, के खिलाफ गंभीर गड़बडियां पाई गईं। जांच के बाद एजेंसी के प्रबंधन और स्वामित्व के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। 20 मार्च 2026 को ग्राम फफराना निवासी सचिन चौधरी, पुत्र धर्मवीर सिंह (एडवोकेट), ने जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में आरोप लगाया गया कि धीरेन्द्र गैस सर्विस द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी की जा रही है और उपभोक्ताओं को नियमानुसार आपूर्ति नहीं दी जा रही। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल तहसीलदार मोदीनगर को जांच के निर्देश दिए। इसके बाद राजस्व विभाग, आपूर्ति विभाग और बीपीसीएल (भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड) के बिक्री अधिकारी की संयुक्त टीम का गठन किया गया, जिसने रविवार को मौके पर पहुंचकर एजेंसी के गोदाम और रिकॉर्ड की विस्तृत जांच की। जांच के दौरान जो तथ्य सामने आए, वे चौंकाने वाले थे। टीम ने पाया कि एजेंसी के स्टॉक में 14.2 किलोग्राम के 99 घरेलू गैस सिलेंडर कम थे। जब स्टॉक का मिलान स्टॉक रजिस्टर से किया गया, तो यह स्पष्ट हुआ कि रिकॉर्ड और वास्तविक स्टॉक में बड़ा अंतर है। इतना ही नहीं, 19 किलोग्राम के कमर्शियल सिलेंडरों और अन्य सिलेंडरों का स्टॉक रजिस्टर भी अद्यावधिक नहीं पाया गया, जो नियमों का सीधा उल्लंघन है। जांच के समय मौके पर मौजूद कई उपभोक्ताओं ने भी गंभीर आरोप लगाए। उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्होंने गैस सिलेंडर बुक कराया था और उनके मोबाइल पर डिलीवरी का मैसेज भी प्राप्त हो गया, लेकिन उन्हें वास्तव में सिलेंडर नहीं मिला। शिकायतकताओं में आवेश, हिमांशु त्यागी, अरुणा, नसीम और निखिल कुमार शर्मा जैसे कई उपभोक्ताओं ने अपने बयान दर्ज कराए, जिससे एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए। बताया गया कि धीरेन्द्र गैस सर्विस के खिलाफ पहले भी लगातार शिकायतें मिल रही थीं। संबंधित अधिकारियों द्वारा एजेंसी के प्रबंधन और प्रोपराइटर को कई बार उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इन निदेर्शों का पालन नहीं किया गया। शिकायतों के लगातार बढ़ते जाने और समाधान न होने के कारण प्रशासन को सख्त कदम उठाना पड़ा। जांच में सामने आई अनियमितताओं के आधार पर जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद शनिवार को एजेंसी की प्रबंधक योगिता तोमर और प्रोपराइटर कुसुम तोमर के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया। जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने कहा कि उपभोक्ताओं के अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा जांच में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। स्टॉक में कमी, रिकॉर्ड में गड़बड़ी और उपभोक्ताओं को समय पर गैस न मिलना अत्यंत गंभीर मामला है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# कुट्टू का आटा बना मुसीबत, व्रत का खाना खाने से एक ही परिवार के 6 लोग बीमार

कपिल चौहान









**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** व्रत के दौरान खाया गया कुट्टू का आटा एक परिवार के लिए मुसीबत बन गया। मोदीनगर थाना क्षेत्र के गांव रोरी में कुट्टू का आटा खाने से एक ही परिवार के छह लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी राहुल शर्मा अपने परिवार के साथ नवरात्र के पहले दिन व्रत पर थे। गुरुवार को गांव की एक दुकान से कुट्टू का आटा खरीदा गया, जिससे रात में भोजन तैयार किया गया। लेकिन भोजन करने के लगभग एक घंटे बाद ही परिवार के सभी सदस्यों की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। उन्हें उल्टी, जी मिचलाना और चक्कर आने जैसी समस्याएं होने लगीं। हालत गंभीर होते देख राहुल शर्मा ने पड़ोसियों को सूचना दी। पहले स्थानीय डॉक्टर को बुलाया गया, लेकिन जब स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो सभी को तत्काल मोदीनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की निगरानी में इलाज के बाद शुक्रवार रात सभी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। फिलहाल सभी की हालत सामान्य बताई जा रही है। प्रशासन का कहना है कि कुट्टू का आटा खाने से ही परिवार के सदस्य बीमार हुए हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए खाद्य विभाग की टीम को गांव भेजा जा रहा है, जो आटे के सैंपल लेकर जांच करेगी।

त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट या खराब गुणवत्ता एक गंभीर खतरा बन सकती है। प्रशासन की जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि कुट्टू के आटे में आखिर क्या गड़बड़ी थी।

# पुलिस कमिश्नरेट में खुशी की लहर: दो एसीपी बने अपर पुलिस उपायुक्त, पुलिस आयुक्त ने दी बधाई

कपिल चौहान







**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद। पुलिस कमिश्नरेट में उस समय खुशी का माहौल देखने को मिला जब सहायक पुलिस आयुक्त महिला अपराध श्रीमती सलोनी अग्रवाल एवं सहायक पुलिस आयुक्त अंकुर विहार श्री ज्ञान प्रकाश राय को अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) पद पर प्रोन्नत किया गया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त महोदय ने दोनों अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि दोनों अधिकारी अपने कार्यकाल में उत्कृष्ट कार्य करते हुए पुलिस विभाग की छवि को और अधिक सशक्त बनाएंगे तथा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।प्रोन्नति प्राप्त करने पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों अधिकारियों को बधाई दी। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण और कड़ी मेहनत का परिणाम है, बल्कि पूरे विभाग के लिए भी गर्व का विषय है। पुलिस आयुक्त ने आशा व्यक्त की कि दोनों अधिकारी नई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता के साथ करेंगे।

# देश विरोधी नेटवर्क पर बड़ा प्रहार: कौशांबी पुलिस व एसआईटी की संयुक्त कार्रवाई में महिला समेत 3 गिरफ्तार, कुल आंकड़ा पहुंचा 18



कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** कौशांबी। देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहकर गोपनीय सूचनाएं एवं डाटा विदेश भेजने वाले गिरोह के खिलाफ कौशांबी पुलिस और एसआईटी को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। संयुक्त कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इस मामले में 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक महिला और एक नाबालिग भी शामिल है।

गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने 3 मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनका इस्तेमाल संदिग्ध गतिविधियों में किया जा रहा था। पुलिस के अनुसार, अब तक इस मामले में कुल 15 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो चुकी थी, जबकि ताजा कार्रवाई के बाद यह संख्या बढ़कर 18 हो गई है। विशेष रूप से गिरफ्तार नाबालिग की इस गिरोह में अहम भूमिका सामने आई है, जो नेटवर्क के संचालन में सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ था। पुलिस द्वारा उससे पूछताछ कर कई महत्वपूर्ण जानकारियां जुटाई जा रही हैं, जिससे गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुंचने में मदद मिल सकती है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच जारी है और जल्द ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बरामद मोबाइल फोन की तकनीकी जांच कर डाटा ट्रांसफर से जुड़े साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

कौशांबी पुलिस और एसआईटी की इस कार्रवाई को देश की सुरक्षा के लिहाज से एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

# 'पुरानी किताबें, नई उम्मीदें' बीएसए ने किया जीपीए के नौवें निशुल्क बुक एक्सचेंज मेले का भव्य उद्घाटन





कपिल चौहान



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** पर्यावरण संरक्षण और अभिभावकों को आर्थिक राहत देने की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन (जीपीए) द्वारा आयोजित नौवें निशुल्क बुक एक्सचेंज मेले का उद्घाटन बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव द्वारा किया गया। यह मेला शास्त्री नगर स्थित लाल बहादुर शास्त्री हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है, जो 22 और 23 मार्च को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा।

पिछले 9 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहे इस मेले का उद्देश्य न केवल अभिभावकों के आर्थिक बोझ को कम करना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देना है। पुरानी किताबों के पुनः उपयोग से लाखों पेड़ों को कटने से बचाने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

मेले के पहले दिन अभिभावकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोग अपने बच्चों की कक्षा अनुसार किताबें ढूंढते नजर आए।

जीपीए के सचिव अनिल सिंह ने बताया कि दोपहर 3 बजे तक लगभग 1500 से 1800 अभिभावकों ने बुक एक्सचेंज का लाभ उठाया।

जीपीए के स्वयंसेवक सुबह से ही मेले में सक्रिय रहे और उन्होंने किताबों को कक्षा अनुसार व्यवस्थित कर अभिभावकों की सहायता की। इस दौरान जीपीए सदस्य नरेश कीर ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से अनुरोध किया कि स्कूलों को निर्देशित किया जाए कि वे एक ही प्रकाशन की किताबें कम से कम 5 वर्षों तक लागू रखें, जिससे अभिभावकों को बार-बार नई किताबें खरीदने की मजबूरी न हो।

इस अवसर पर धर्मेंद्र यादव, नंदीता सिंह, सुशीला सिंह, कौशल ठाकुर, राजू सैफी, पारस चौधरी, कौशलेंद सिंह, रत्नेश सिंह, नवीन राठौर, नरेंद्र, शुभम, मनीष चौधरी और नवीन तंवर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# लोनी बॉर्डर पुलिस ने चोरी का किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद:थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात और नगद रकम बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, 20 मार्च 2026 को थाना लोनी बॉर्डर में एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके घर से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी हो गई है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम गठित की गई।

जांच के दौरान 22 मार्च को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी भानु प्रकाश उर्फ गोली (उम्र करीब 28 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह नशे का आदी है और बंद पड़े मकान को निशाना बनाकर ताला तोड़कर चोरी करता था।

पुलिस ने आरोपी के पास से करीब 1 लाख 31 हजार 500 रुपये नगद, सोने-चांदी के कई जेवरात, एक लोहे का सरिया, प्लास और अन्य उपकरण बरामद किए हैं। बरामद सामान में पाजेब, बिछिया, चेन, अंगूठी, कंगन आदि शामिल हैं।

फिलहाल पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई को थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम ने अंजाम दिया।

# 'ऑपरेशन प्रहार' में बड़ी सफलता: 40 लाख की अफीम-स्मैक के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

कपिल चौहान



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** थाना लिंक रोड पुलिस टीम एवं एएनटीएफ मेरठ की संयुक्त कार्रवाई में 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी है। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 03 किलो 200 ग्राम अफीम तथा 156 ग्राम स्मैक (हेरोइन) बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपये बताई जा रही है। इसके अतिरिक्त अभियुक्तों के पास से 2,520 रुपये नकद, घटना में प्रयुक्त एक स्कूटी तथा तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई थाना लिंक रोड पुलिस और एएनटीएफ मेरठ की संयुक्त टीम द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान की गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पकड़े गए अभियुक्त लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त थे और क्षेत्र में अवैध नशे का कारोबार चला रहे थे। पुलिस ने अभियुक्तों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि इनके नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

## पुलिस का संदेश

जनपद में नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस तरह के अवैध कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जायेगा।

# गुम हुए 220 मोबाइल फोन बरामद, पुलिस ने असली मालिकों को लौटाए

अरुण मिश्रा



**नोएडा (वेलकम इंडिया)।** कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए गुम हुए 220 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए। इन मोबाइल फोनों की कुल कीमत लगभग 50 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस की इस पहल से लोगों को बड़ी राहत मिली है और आम जनता में सुरक्षा तथा विश्वास की भावना मजबूत हुई है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देशानुसार की गई। पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा साद मियां खान के नेतृत्व में, अपर पुलिस उपायुक्त नोएडा मनीषा सिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त नोएडा क्षेत्र के पर्यवेक्षण में सर्विलांस प्रकोष्ठ नोएडा तथा थाना सेक्टर-49 सहित अन्य थाना पुलिस टीमों ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया।

पुलिस के अनुसार, गुम हुए मोबाइल फोन सीईआईआर पोर्टल (केंद्रीय उपकरण पहचान रजिस्टर) और आधुनिक निगरानी तकनीक की मदद से खोजे गए। इन सभी मामलों में नोएडा क्षेत्र के विभिन्न थानों में पहले से गुमशुदगी दर्ज थी। पुलिस टीमों ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लगातार प्रयास करते हुए मोबाइल फोनों को बरामद कर विधिवत उनके मालिकों को सौंप दिया। जांच में सामने आया कि अधिकांश मोबाइल फोन भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर असावधानी के कारण गुम हुए। बाजार, सब्जी मंडी और साप्ताहिक बाजारों में खरीदारी के दौरान कई लोगों के फोन गिर गए। इसके अलावा ऑटो, टैक्सी, बस और मेट्रो में यात्रा के दौरान भी मोबाइल छूटने की घटनाएं सामने आईं।

पुलिस ने बताया कि वाहन चलाते समय ढीले कपड़ों (लोअर या पायजामा) में मोबाइल रखने से झटकों के दौरान फोन गिर जाते हैं। वहीं पार्कों में व्यायाम या खेलते समय मोबाइल रखकर भूल जाना भी एक प्रमुख कारण रहा। इसके अतिरिक्त शादी समारोह, बारात और अन्य आयोजनों के दौरान भी भीड़ में कई मोबाइल फोन गिर गए या कार्यक्रम स्थल पर ही छूट गए। कुछ मामलों में नशे की स्थिति में असावधानी भी कारण बनी। धार्मिक स्थलों–मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर और गुरुद्वारों–में भी भीड़ के कारण मोबाइल गुम होने की घटनाएं सामने आईं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सीईआईआर पोर्टल और आधुनिक तकनीक के उपयोग से गुम मोबाइल फोन को खोज निकालना अब अधिक प्रभावी हो गया है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। मोबाइल वापस पाने वाले लोगों ने पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका गुम हुआ मोबाइल फोन वापस मिल पाएगा। इस पहल से पुलिस के प्रति जनता का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है।

# गैस-तेल की कालाबाजारी पर सख्त रुख, पूर्व सैनिकों ने संभाली जिम्मेदारी, राष्ट्रीय सैनिक संस्था का ऐलान

कपिल चौहान





**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** राष्ट्रिय सैनिक संस्था की गाजियाबाद इकाई द्वारा पूर्व सैनिकों (गौरव सेनानियों) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें गैस और तेल की संभावित कालाबाजारी व जमाखोरी को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर चक्र से सम्मानित कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल शहीद सैनिकों के परिवारों का सम्मान और युवाओं को प्रारंभिक सैनिक प्रशिक्षण देना ही नहीं है, बल्कि समाज में फैल रही कुरीतियों का भी प्रभावी ढंग से निवारण करना है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय हालात, विशेषकर ईरान-अमेरिका के बीच तनाव के कारण तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिसका फायदा उठाकर कुछ लोग जमाखोरी और कालाबाजारी में जुट गए हैं। जिला सचिव गौरव सेनानी चन्दन सिंह और गणेश दत्त ने कहा कि संस्था के सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क रहकर इस प्रकार की गतिविधियों पर नजर रखेंगे और जरूरत पड़ने पर प्रशासन को सूचना देकर कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे। बैठक में लेफ्टिनेंट वी.पी. शर्मा, धीरेन्द्र त्रिपाठी, जिले सिंह सहित अन्य सदस्यों ने आम जनता से अपील की कि गैस के दामों में मामूली उतार-चढ़ाव को लेकर घबराने या सड़कों पर उतरने की आवश्यकता नहीं है। यह एक वैश्विक समस्या है, जिससे पूरा विश्व जूझ रहा है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के उदाहरण को याद दिलाते हुए कहा कि जब देश में खाद्यान्न संकट आया था, तब उनके आ'ान पर देशवासियों ने एक समय का भोजन त्याग कर एकजुटता दिखाई थी और समस्या का समाधान संभव हुआ था। उसी प्रकार आज भी धैर्य और संयम की आवश्यकता है। बैठक में उपस्थित सभी गौरव सेनानियों ने एक स्वर में कहा कि सेना में रहते हुए उन्होंने देश की सीमाओं पर दुश्मनों से मुकाबला किया और अब नागरिक जीवन में समाज की समस्याओं से लड़कर समाधान निकालने का कार्य करें।

# बिजली कटौती से बेहाल लोग, छुट्टी के दिन भी नहीं मिली राहत, घंटों गुल रही सप्लाई

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** रविवार को बिजली कटौती ने लोगों की छुट्टी का मजा किरकिरा कर दिया। गर्मी के बीच सुबह से ही शुरू हुई बिजली की आंख-मिचौली ने शहरवासियों को खासा परेशान किया। ट्रांस हिंडन क्षेत्र के कई इलाकों में दिनभर बिजली का आना-जाना लगा रहा, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मोहननगर, लाजपत नगर, राजेंद्र नगर सहित कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। कुछ क्षेत्रों में तकनीकी खराबी के चलते पांच घंटे तक बिजली गुल रही। इसके कारण लोगों के दैनिक कार्य प्रभावित हुए और गर्मी के कारण हालात और भी असहज हो गए। राजेंद्र नगर निवासी अवधेश कुमार ने बताया कि छुट्टी के दिन बिजली कटौती सबसे ज्यादा परेशान करती है। उन्होंने कहा कि बार-बार बिजली जाने से पंखे और कूलर जैसे उपकरण भी नहीं चल सके, जिससे घर के अंदर रहना मुश्किल हो गया। उन्होंने यह भी बताया कि सुबह के समय बिजली न होने के कारण पानी की आपूर्ति भी प्रभावित रही, जिससे अतिरिक्त परेशानी झेलनी पड़ी। अहिंसा खंड-दो के निवासी अनिल शर्मा ने बताया कि पिछले कई रविवार से यही स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि बार-बार बिजली कटौती से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। शिकायत करने पर अधिकारियों द्वारा मेंटेनेंस कार्य का हवाला दिया जाता है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है।